रजिस्ट्री सं. डी. (डी.)-72 REGISTERED No. D (D)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 409] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 17, 1981/अग्रहायण 26, 1903
No. 409] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 17, 1981/AGRAHAYANA 26, 1903

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वित्त मंत्रालय

(वित्तीय कार्य विभाग)

अधिसूचनाएं

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर, 1981

का०आ०सं० 662(अ).—केन्द्रीय सरकार, सरकारी बचत बैंक अधिनियम, 1873 (1873 का 5) की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1 संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम डाक घर बचत बैंक साधारण नियम, 1981 है।

(2) ये डाकघर बचत बैंक के निम्नलिखित खातों को लागू होंगे, अर्थात :—

(क) बचत खाता।

(ख) सावधिक संचयी जमा खाता।

(ग) आवर्ती जमा खाता।

(घ) सावधिक जमा खाता।

(3) ये 1 अप्रैल, 1982 को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं —इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "खाता" से बचत खाता सावधिक संचयी जमा खाता, आवर्ती जमा खाता या सावधिक जमा खाता अभिप्रेत है,

(ख) "प्राधिकृत" से महानिदेशक, डाक-तार द्वारा प्राधिकृत अभिप्रेत है,

(ग) "अतिशेष" से किसी खाते में जमा अतिशेष अभिप्रेत है;

(घ) "शाखा बचत बैंक" से ऐसा शाखा डाक घर अभिप्रेत है जो बचत बैंक के रूप में भी कार्य कर रहा है ;

(ङ) "सावधिक संचयी जमा खाता" से डाकघर बचत (डाक सावधिक संचयी जमा) नियम, 1959 या डाकघर सावधिक संचयी जमा नियम, 1981 के अधीन खोला गया खाता अभिप्रेत है ;

(च) "विभागेतर उप-बचत बैंक" से किसी अंशकालिक कर्मचारी के भार साधन में कोई उप-बचत बैंक अभिप्रेत है;

(छ) "प्रपत्र" से इन नियमों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(ज) किसी अवयस्क या विकृत चित्त व्यक्ति के संबंध में संरक्षक से—

(i) उसका पिता या उसकी माता में से कोई एक; और

(ii) जहां पिता या माता जीवित नहीं है या कार्य करने में समर्थ नहीं है वहां तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन यथास्थिति, अवयस्क या विकृत चित्त व्यक्ति की सम्पत्ति की देखरेख करने का हकदार व्यक्ति अभिप्रेत है;

(झ) "प्रधान डाकपाल" से किसी प्रधान बचत बैंक का भारसाधक अधिकारी अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत ऐसा उप-डाकपाल या सहायक डाकपाल भी है, जिसे प्रधान डाकपाल की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं ;

(झ) "प्रधान बचत बैंक" से ऐसा प्रधान डाकघर अभिप्रेत है जो बचत बैंक के रूप में भी कार्य कर रहा है किन्तु इसके अन्तर्गत ऐसा प्रधान डाक घर नहीं है जिसे महानिदेशक, डाक तार द्वारा उप-बचत बैंक घोषित किया गया है;

(ट) "संयुक्त खाता" से यथास्थिति, दो या तीन वयस्क व्यक्तियों द्वारा उनके नाम में खोला गया खाता अभिप्रेत है;

(ठ) "डाक घर बचत बैंक" से प्रधान बचत बैंक अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत उप या शाखा बचत बैंक भी है;

(ड) "विहित" से महानिदेशक डाक-तार द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ढ) "आवर्ती जमा खाता" से डाक घर (आवर्ती जमा) नियम, 1970 या डाक घर आवर्ती जमा नियम, 1981 के अधीन खोला गया खाता अभिप्रेत है ;

(ण) किसी खाते के संबंध में "सुसंगत प्रधान बचत बैंक" से ऐसा प्रधान बचत बैंक अभिप्रेत है जिसमें खाता खुला है या जिसके अधीनस्थ वह बचत बैंक है जिसमें खाता खुला है ;

(त) "सुसंगत नियम" से इन नियमों के अधीन, डाक घर बचत खाता नियम, 1981, डाक घर सावधिक जमा नियम, 1981, डाक घर आवर्ती जमा नियम, 1981 या डाकघर सावधिक संचयी जमा नियम, 1981 के अधीन कोई नियम अभिप्रेत है ;

(थ) किसी खाते के संबंध में, "सुसंगत उप बचत बैंक" से ऐसा उप-बचत बैंक अभिप्रेत है जिसमें खाता खुला है या जिसके अधीनस्थ वह बचत बैंक है जिसमें खाता खुला है।

(द) "बचत खाता" से डाक घर बचत बैंक नियम, 1881 या डाक घर बचत बैंक नियम, 1965 या डाक घर बचत खाता नियम, 1981 के अधीन खोला गया कोई खाता अभिप्रेत है ;

(ध) "बचत पत्र" से सरकारी बचत पत्र अधिनियम, 1959 (1959 का 46) के अधीन जारी किया गया प्रमाण पत्र अभिप्रेत है ;

(न) "एकल खाता" से किसी व्यष्टिक द्वारा या उसके लिए उसके नाम में खोला गया खाता अभिप्रेत है ;

(प) "उप बचत बैंक" से ऐसा उप डाक घर अभिप्रेत है जो बचत बैंक के रूप में भी कार्य कर रहा है और इसके अन्तर्गत महानिदेशक द्वारा उप बचत बैंक के रूप में घोषित प्रधान डाक घर भी है किन्तु इसके अन्तर्गत विभागेतर उप बचत बैंक नहीं है ;

(फ) "सावधिक जमा खाता" से डाकघर (सावधिक जमा) नियम, 1970 या डाक घर सावधिक जमा नियम, 1981 के अधीन खोला गया कोई खाता अभिप्रेत है ।

3. खाता खोलना :—किसी डाकघर बचत बैंक में कोई खाता खोलने का इच्छुक जमाकर्ता उसे प्ररूप 1 में आवेदन कर सकेगा ।

4. जमा करने का स्थान :—(1) किसी प्रधान बचत बैंक में खुले हुए खाते की दशा में, जमा प्रधान बचत बैंक या उसके किसी उप-बचत बैंक में किया जा सकता है ।

(2) किसी उप बचत बैंक में खुले हुए खाते की दशा में जमा उप बचत बैंक में या सुसंगत प्रधान बचत बैंक में या किसी उप-बचत बैंक में किया जा सकता है ।

(3) किसी शाखा बचत बैंक में खुले हुए खाते की दशा में, जमा शाखा बचत बैंक में या सुसंगत प्रधान बचत बैंक में या सुसंगत उप-बचत बैंक में किया जा सकता है ।

5. जमा करने की पद्धति :—(1) किसी डाक घर बचत बैंक में नगद अथवा बचत स्टाम्पों या भारतीय पोस्टल आर्डरों या ब्रिटिश प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गये पोस्टल आर्डरों का अभ्यर्पण करके जमा किया जा सकेगा और प्रधान बचत बैंक तथा उस बचत बैंक में निम्नलिखित साधनों द्वारा भी जमा किया जा सकेगा :—

(क) जमाकर्ता या डाकपाल के पक्ष में लिखे गए और साधारणतः या विनिर्दिष्टतः यथास्थिति प्रधान बचत बैंक या उस बचत बैंक के पक्ष में आहरित किए गए चैक या ड्राफ्ट द्वारा ;

(ख) संदाय आदेश द्वारा ;

(ग) आयकर प्रतिदिय डाउचर या आयकर प्रतिदाय आदेश द्वारा;

(घ) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए ब्याज वारण्ट द्वारा या रक्षा निक्षेप प्रमाण पत्र अथवा किसी वार्षिकी प्रमाणपत्र की किस्त द्वारा ;

(ङ) जमाकर्ता द्वारा धृत किसी खाता या बचत-पत्र पर संदेय किसी रकम के प्रत्याहरण या निर्वहन द्वारा ।

(2) प्रत्येक जमा के साथ विहित रीति से एक जमा पर्ची होगी और जमा पर्ची की प्रति-पर्ची सम्यक रूप से रसीद दिए जाने के पश्चात् रकम जमा करने वाले को वापस कर दी जाएगी ।

(3) डाक घर सावधिक संचयी जमा नियम, 1981 और डाकघर आवर्ती जमा नियम, 1981 में जैसा उपबन्धित है उसके सिवाय, चैक या अन्य लिखित द्वारा जमा की गई रकम के किसी खाते में जमा करने की तारीख उसके नगदीकरण की तारीख होगी, प्रस्तुतीकरण की तारीख नहीं ।

(4) जहां किसी अन्तर्स्थित चैक या लिखत द्वारा जमा किया जाता है वहां जमा के साथ विहित दर पर संकलन प्रभार भी संदेय होंगे ।

6. रकम वापस निकालना :—(1) किसी उप-बचत बैंक या शाखा बचत बैंक में के किसी खाते से रकम निधि की उपलब्धता के अधीन रहते हुए निकाली जा सकेगी ।

(2) किसी विभागेतर उप-बचत बैंक या शाखा बचत बैंक से यथास्थिति सुसंगत प्रधान बचत बैंक या सुसंगत उप-बचत बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना विहित रकम की सीमा से अधिक रकम निकालने की अनुज्ञा नहीं होगी ।

(3) किसी विभागेतर उप-बचत बैंक या शाखा बचत बैंक में खुले हुए किसी खाते के मामले में सुसंगत प्रधान बचत बैंक या सुसंगत उप-बचत बैंक से भी उस सीमा तक रकम निकाली जा सकेगी जितनी कि ऐसे प्रधान या उप-बचत बैंक में उस खाते में वास्तव में जमा है ।

(4) किसी अवयस्क या विकृत चित्त व्यक्ति के नाम खोले गए खाते के मामले में जमाकर्ता की अवयस्कता या पागलपन के दौरान,

(क) उसके संरक्षक को, या

(ख) जहां विकृत चित्त का व्यक्ति किसी मानसिक अस्पताल में परिरुद्ध है वहां ऐसे अस्पताल के अधीक्षक को,

निम्नलिखित रूप में एक प्रमाण पत्र देने पर रकम निकालने के लिए अनुज्ञा दी जाएगी :—

"यह प्रमाणित किया जाता है कि निकाले जाने के लिए इप्सित रकम श्री/श्रीमती/कु०————————————————जो अवयस्क है/विकृत चित्त का/की है और आज के दिन जीवित है, के उपभोग के लिए अपेक्षित है ।"

7. जमाकर्ता की पहचान :—नियम 6 के अधीन रकम निकाले जाते समय जमाकर्ता की पहचान सामान्यतः रकम निकालने की लिखत पर के उसके हस्ताक्षरों का डाकघर बचत बैंक में अभिलेख में रखे गए नमूना

हस्ताक्षर के साथ सत्यापन करके की जाएगी और जिन मामलों में यथा पूर्वोक्त पहचान नहीं की जा सकती है उनमें पहचान डाकघर द्वारा जारी किए गए परिचय पत्र के यदि कोई है, आधार पर या किसी अन्य रीति से जो विहित की जाए की जा सकेगी।

8. पास बुक (1) खाता खोलने पर, जमाकर्ता को एक पास बुक दी जाएगी जिसमें उसके खाते की संख्या, उसका नाम, उपजीविका या व्यवसाय, पता और डाकघर बचत बैंक के प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा सम्यक रूप से अनुप्रमाणित उसके द्वारा प्रथमबार जमा की गई रकम की प्रविष्टि होगी।

(2) पास बुक को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने की जिम्मेवारी जमाकर्ता की होगी।

(3) यदि जमाकर्ता की सुरक्षित अभिरक्षा में रहने के दौरान पास बुक खो जाती है, चुरा ली जाती है, विनिष्ट हो जाती है या खराब हो जाती है तो उसे एक रुपया फीस का संदाय करने पर और ऐसी जांच करने के पश्चात जिसे करना डाकघर बचत बैंक आवश्यक समझे पास बुक की दूसरी प्रति जारी की जाएगी और प्रधान डाकपाल का यह समाधान हो जाता है कि वे परिस्थितियां जिनमें पास बुक को गयी थी, चुरा ली गई थी, विनिष्ट हो गई थी या खराब हो गई थी, जमाकर्ता के नियंत्रण से परे थी, तो ऐसी कोई फीस प्रभारित नहीं की जाएगी।

(4) चैक द्वारा रकम निकालने या जमा करने से भिन्न हर बार रकम निकालते या जमा करते समय पास बुक सामान्यतः प्रस्तुत की जाएगी, और उन मामलों में जहां पास बुक प्राप्त किये बिना रकम जमा की जाती है या निकाली जाती है उसमें पास बुक उसके पश्चात् यथा संभव शीघ्र अद्यतन करने के लिए डाकघर बचत बैंक के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

(5) जब सम्यक् रूप से पूरी करने के पश्चात् पास बुक वापिस की जाती है तब जमाकर्ता उसमें की भूलों या लोपों को यदि कोई हैं तुरन्त डाकघर बचत बैंक की जानकारी में लाएगा और जमाकर्ता के ऐसा करने में असफल होने की दशा में डाकघर बचत बैंक ऐसी किसी भूल या लोप से उद्भूत किसी हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(6) पास बुक यथासंभव, उसी दिन, जिस दिन वह उपनियम (4) के अधीन प्रस्तुत की जाती है, जमाकर्ता द्वारा डाकघर बचत बैंक से ले ली जाएगी और जहां, किसी भी कारण से पास बुक उसी दिन वापस नहीं की जा सकती है वहां डाक घर बचत बैंक उसके बदले में एक रसीद जारी करेगा और ऐसी रसीद किसी पश्चात्वर्ती तारीख को पास बुक लेते समय जमाकर्ता द्वारा अभ्यर्पित कर दी जाएगी।

(7) डाकघर बचत बैंक उस पास बुक में किसी ऐसी प्रविष्टि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा, जो उसके प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर द्वारा अधिप्रमाणित नहीं है।

9. खाते का अन्तरण: जमाकर्ता अपने खाते को बिना किसी प्रभार के विहित प्ररूप में आवेदन करके एक डाकघर बचत बैंक से दूसरे डाकघर बचत बैंक को ऐसी शर्तों के जो विहित की जाएं, अधीन रहते हुए अन्तरित करा सकेगा।

10. किसी खाते का संपरिवर्तन किसी खाते से संबंधित सुसंगत नियमों के अधीन रहते हुए यथास्थिति उसके धारक या धारकों द्वारा लिखित रूप में आवेदन किए जाने पर,

(1) किसी वयस्क व्यक्ति के नाम में एकल खाते को मूल जमाकर्ता और अन्य वयस्क के नाम में संयुक्त खाते में संपरिवर्तित किया जा सकता है और दो जमा कर्ताओं के नाम में किसी संयुक्त खाते को संयुक्त जमाकर्ताओं में से किसी एक के नाम में एकल खाते में संपरिवर्तित किया जा सकता है।

(2) बचत बैंक खाते के मामले में

(i) तीन वयस्क व्यक्तियों के नाम में किसी संयुक्त खाते को, जमाकर्ताओं में से किसी एक के नाम में एकल खाते में या दो वयस्क व्यक्तियों के नाम में जिनमें से कम से कम एक व्यक्ति मूल जमाकर्ताओं में से हो, संयुक्त खाते में संपरिवर्तित किया जा सकता है,

(ii) दो वयस्क व्यक्तियों के नाम में किसी संयुक्त खाते को, तीन वयस्क व्यक्तियों के नाम में, जिनमें से कम से कम एक व्यक्ति मूल जमा कर्ताओं में से हो, संयुक्त खाते में संपरिवर्तित किया जा सकता है; और

(iii) किसी वयस्क व्यक्ति के नाम में किसी एकल खाते को तीन वयस्क व्यक्तियों के नाम में जिनमें मूल जमाकर्ता भी सम्मिलित हो, संपरिवर्तित किया जा सकता है।

11. खाता बन्द करने पर अन्तिम रूप से रकम निकालना: सुसंगत नियमों में जैसा अन्यथा उपबन्धित है उसके सिवाय किसी उप या शाखा बचत बैंक से किसी खाते के बन्द करने पर अन्तिम रूप से रकम निकालने की अनुज्ञा, सुसंगत प्रधान बचत बैंक से मंजूरी अभिप्राप्त करने के पश्चात ही दी जाएगी।

12. नामनिर्देशन (1) उपनियम (2) से (7) तक के अधीन रहते हुए एकल खाता खोलने वाला कोई वयस्क व्यक्ति या संयुक्त खाता खोलने वाले दो या तीन व्यस्क व्यक्ति, खाता खोलते समय प्ररूप 1 में आवश्यक विशिष्टियां देकर, किसी ऐसे व्यक्ति या किन्हीं ऐसे व्यक्तियों को नाम निर्दिष्ट कर सकेगा/सकेंगे जो यथास्थिति जमाकर्ता या सभी जमाकर्ताओं की मृत्यु हो जाने की दशा में खाते में शोध्य रकम के भुगतान के लिए हकदार होंगे और यदि ऐसे नामनिर्देशन खाता खोलने के समय नहीं किया गया है, तो वह एकल खाते के जमाकर्ता द्वारा या संयुक्त खाते के जमाकर्ताओं द्वारा खाता खोले जाने के पश्चात, किन्तु उसको बन्द करने के पूर्व, किसी भी समय पास बुक के साथ उस डाकघर बचत बैंक को जहां खाता खुला है प्ररूप 2 में आवेदन करके कराया जा सकता है।

(2) किसी अवयस्क या विकृतचित्त व्यक्ति के द्वारा या उसकी ओर से खोले गये या खोले जाने वाले किसी खाते की बाबत नाम निर्देशन नहीं किया जाएगा।

(3) उप नियम (1) के अधीन किया गया नामनिर्देशन एकल खाते के जमाकर्ता द्वारा या किसी संयुक्त खाते के जमाकर्ता या उत्तर जीवी जमाकर्ता या जमाकर्ताओं द्वारा प्ररूप 2 में, उस पर पचास पैसे के मूल्य के डाक टिकट चिपकाकर पास बुक के साथ उस डाकघर बचत बैंक को जहां खाता खुला है या सुसंगत प्रधान बचत बैंक को आवेदन प्रस्तुत करके रद्द किया जा सकेगा या उसमें फेरफार की जा सकेगी।

(4) नामनिर्देशन या किसी नामनिर्देशन के रद्दकरण या उसमें फेरफार का रजिस्ट्रीकरण सुसंगत प्रधान बचत बैंक में कराया जाएगा और रजिस्ट्रीकरण का तथ्य पास बुक में लिया जाएगा और ऐसे रजिस्ट्रीकरण पर यथास्थिति ऐसा नामनिर्देशन या नामनिर्देशन का रद्दकरण या उसमें फेरफार उस तारीख से प्रभावी समझा जाएगा जिस तारीख को वह प्रस्तुत की गयी थी।

(5) नामनिर्देशन शून्य हो जाएगा यदि नामनिर्देशिती की या जहां एक से अधिक नामनिर्देशिती हैं वहां सभी की, जमाकर्ता से पूर्व मृत्यु हो जाती है।

(6) जहां नामनिर्देशिती अवयस्क व्यक्ति है/हैं वहां नामनिर्देशन करने वाला/वाले जमाकर्ता, यथास्थिति, प्ररूप 1 या प्ररूप 2 में आवश्यक विशिष्टियां देकर नामनिर्देशिती की अवयस्कता के दौरान यथास्थिति जमाकर्ता या जमाकर्ताओं की मृत्यु होने की दशा में, खाते में शोध्य रकम का संदाय प्राप्त करने के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त कर सकेगा/सकेंगे।

(7) जहां खाता किसी व्यक्ति द्वारा उसकी ओर से गिरवीदार के रूप में या किसी प्रयोजन के लिए प्रतिभूति के तौर पर धृत है वहां ऐसा धारण करना किसी नाम निर्देशन को रद्द करने वाला नहीं होगा किन्तु नाम निर्देशिती या नामनिर्देशितियों का अधिकार उस प्रकार खाता धारण करने वाले व्यक्ति के अधिकार के अधीन रहते हुए होगा।

स्पष्टीकरण : इस नियम और नियम 13 में 'एकल खाता' के अंतर्गत पेंशन खाता और प्रतिभूति जमा खाता है और 'संयुक्त खाता' के अंतर्गत प्रतिभूति जमा खाता है ।

13. जमाकर्ता की मृत्यु पर संदाय.(1) किसी एकल खाता के जमाकर्ता की या किसी संयुक्त खाता के जमाकर्ताओं की मृत्यु हो जाने की दशा में खाते में शोध्य रकम, उपनियम (2)—(5) तक में यथाविनिर्दिष्ट रूप में संदेय हो जाएगी ।

2(क) यदि नियम 12 के अधीन किया गया नामनिर्देशन एकल खाता के जमाकर्ता या किसी संयुक्त खाते की दशा में उत्तरजीवी जमाकर्ता की मृत्यु के समय प्रवृत्त है तो ऐसे जमाकर्ता का/के उत्तरजीवी नामनिर्देशिती विहित रीति में सुसंगत प्रधान बचत बैंक को खाते में शोध्य रकम के संदाय के लिए आवेदन कर सकेगा/सकेंगे और ऐसे आवेदन के साथ, यथास्थिति, जमाकर्ता या जमाकर्ताओं की मृत्यु का सबूत, और जहां किसी अन्य नाम निर्देशिती की जमाकर्ता के पूर्व मृत्यु हो गई हो तो वहां ऐसे नामनिर्देशिती की मृत्यु का सबूत भी होगा ।

(ख) यदि केवल एक ही उत्तरजीवी नाम निर्देशिती हो तो यथा पूर्वोक्त उसके द्वारा आवेदन किये जाने पर खाते में शोध्य रकम उसे संदेय हो जाएगी ।

(ग) यदि दो या अधिक उत्तरजीवी नामनिर्देशिती हैं तो यथा-पूर्वोक्त आवेदन, या तो उनके द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा जिस स्थिति में खाते में शोध्य रकम उन्हें संयुक्त रूप से संदेय होगी या उनमें से प्रत्येक द्वारा पृथक-पृथक रूप से किया जाएगा जिस स्थिति में ऐसा नाम-निर्देशिती खाते में शोध्य रकम का बराबर हिस्सा प्राप्त करने का हकदार होगा ।

(3) जहां उत्तरजीवी नामनिर्देशिती अवयस्क व्यक्ति है वहां उपनियम (2) के अधीन संदाय उस व्यक्ति को जो नियम 12 के उप-नियम 6 के अधीन ऐसा संदाय प्राप्त करने के लिए नियुक्त किया गया है और यदि ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है तो अवयस्क व्यक्ति के संरक्षक को, किया जाएगा ।

(4) (क) यदि नियम 12 के अधीन किया गया कोई नामनिर्देशन, एकलखाता के जमाकर्ता की या किसी संयुक्त खाता की दशा में किसी उत्तरजीवी जमाकर्ता की मृत्यु के समय प्रवृत्त नहीं है तो ऐसे जमाकर्ता का विधिक वारिस किसी भी समय विहित रीति में सुसंगत प्रधान बचत बैंक को खाते शोध्य रकम के संदाय के लिए आवेदन कर सकेगा और ऐसे आवेदन के साथ आवेदक की विधिक वारिसी के दावे के अनुसमर्थन में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का 39) के अधीन उत्तराधिकार प्रमाणपत्र या बिल का प्रोबेट या प्रशासन पत्र भी दिया जाएगा ।

(ख) प्रधान डाकपाल, प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की अधिप्रमाणिकता का सत्यापन करने के पश्चात आवेदक को खाते में शोध्य रकम का संदाय कर सकेगा ।

14. थल सेना, वायु सेना और जल सेना कार्मिक द्वारा धृत किसी खाते में जमा रकम का संदाय : नियम, 12 और 13 में किसी बात के होते हुए भी जहां थल सेना, वायु सेना या जल सेना में सेवा कर रहे खाता धारक की मृत्यु हो जाती है या वह अभित्याग कर देता है वहां उस कोर, विभाग, टुकड़ी, यूनिट या जलयान का, जिससे खाता व धारक संबंधित था यथास्थिति, समादेष्टा आफिसर या समायोजन समिति उस डाकघर बचत बैंक के, जहां खाता खुला है भारसाधक अधिकारी को खाते में शोध्य रकम का समादेष्टा आफिसर या समायोजना समिति को संदाय करने के लिए एक अध्यादेश भेजेगा और डाकघर बचत बैंक का भारसाधक अधिकारी ऐसी अध्यापेक्षा का पालन करने के लिए बाध्य होगा भले ही खाता धारक की मृत्यु या अभित्याग के समय किसी व्यक्ति के पक्ष में किया गया नामनिर्देशन प्रवृत्त रहे ।

स्पष्टीकरण : उपयुक्त अध्यापेक्षा, सेना या वायु सेना के व्यक्ति की दशा में सेना और वायु सेना (प्राइवेट संपत्ति का अध्ययन) अधिनियम, 1950 (1950 का 40) की धारा 3 या धारा 4 के अधीन या जल सेना के व्यक्ति की दशा में, नौ सेना अधिनियम, 1957 (1957 की 62) की धारा 171 या धारा 172 के अधीन की जानी चाहिए ।

15. बचत बैंक का दायित्व : डाकघर बचत बैंक—(क) जमाकर्ता के प्रति किसी व्यक्ति द्वारा पास बुक या जमाकर्ता की चेकबुक से चैक का कब्जा अभिप्राप्त करके किसी कपटपूर्वक निकाली गई रकम के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ;

(ख) यदि जमाकर्ता के यह सुनिश्चित करने में असफल रहने के कारण कि निकालने के लिए अपेक्षित रकम निकाले जाने के लिए उसके द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित आवेदनपत्र डाकघर बचत बैंक में उसे प्रस्तुत किए जाने या भेजे जाने के पूर्व प्रविष्टि की गई है, कोई कपट होता है तो दायी नहीं होगा ;

(ग) जमाकर्ता के प्रतिदायी नहीं होगा यदि वह, या उसके अभिकर्ता द्वारा रकम निकाले जाने का आवेदन प्रस्तुत किए जाने की दशा मे, उसका अभिकर्ता यह सुनिश्चित करने मे असफल रहता है कि यथास्थिति, उसके या अभिकर्ता द्वारा वास्तविक संदाय के समय पर ही संदाय की प्राप्ति पर हस्ताक्षर किए जाते हैं रकम निकालने के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय नहीं ।

16. गलती से खोले गए खाते : (1) जहां यह पाया जाता है कि जमाकर्ता द्वारा आवेदन किए गए प्रवर्ग से भिन्न किसी प्रवर्ग के अधीन गलती से खाता खोला गया है वहां वह खाता आवेदन किए गए प्रवर्ग के खाते के रूप मे समझा जाएगा यदि जमाकर्ता आवेदन की तारीख को ऐसा खाता खोलने के लिए पात्र था और यदि वह इस प्रकार पात्र नहीं था तो खाता, यदि वह ऐसा चाहता है तो आदित दूसरे प्रवर्ग के खाते में यदि वह आवेदन की तारीख को ऐसे प्रवर्ग या खाता खोलने के लिए पात्र था संपरिवर्तित किया जा सकेगा ।

(2) उन मामलों मे जहां खाता इस प्रकार संपरिवर्तित नहीं किया जा सकता, सुसंगत प्रधान बचत बैंक किसी भी समय, खाता बंद करवा देगा और खाते मे जमा की गई रकम उस प्रकार के बचत बैंक खाते के लिए जिस के लिए जमाकर्ता पात्र है समय-समय पर लागू दर पर ब्याज सहित जमाकर्ता को वापस कर देगा ।

17. नियमों के उल्लंघन मे खोले गए खाते : नियम 16 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, जहां यह पाया जाता है कि कोई खाता तत्समय प्रवृत्त और डाकघर बचत बैंक मे खोले गए खातों को लागू किसी सुसंगत नियम के उल्लंघन मे खोला गया है वहां सुसंगत प्रधान बचत बैंक किसी भी समय, खाते को बन्द करवा देगा और खाते में जमा की गई रकम बिना ब्याज के जमाकर्ता को वापस कर देगा ।

18. अधिक संदत्त रकम की वसूली : प्रधान बचत बैंक अधिक संदत्त किसी ब्याज या अन्य रकम को उसी रीति में वसूल करने के लिए सक्षम होगा मानो वह भूराजस्व का बकाया हो ।

19. निर्वचन : यदि किसी सुसंगत नियम के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत होता है तो उसे विनिश्चय के लिए केन्द्रीय सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

20. शिथिल करने की शक्ति : जहां केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि किसी सुसंगत नियम के प्रवर्तन से किसी खाते के जमाकर्ता या जमाकर्ताओं को असम्यक् कष्ट होता है वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, उस उपबंध की अपेक्षाओं को ऐसी रीति मे शिथिल कर सकेगी जो अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हों ।

प्रकप 1

नियम 3 और 12(1) तथा (6) देखिए

डाकघर बचत बैंक

खाता खोलने के लिए आवेदन

डाक घर का नाम खाता सं०

1. कृपया

श्री (1) (2) (3)

(नाम और पता/पते)

के नाम में एक बचत सा० सं० ज० / आ० ज० सावधिक जमा खाता

अंकित मूल्य 1/2/3/4/5 खोले

वर्ष

†† यदि अवयस्क व्यक्ति है तो जन्म की तारीख .....

अवयस्कता की तारीख ..... आवेदक के साथ

संबंध .....

2. परिचायक का/के (1) नाम और पता .....

(2) हस्ताक्षर

† 3 खाता संयुक्त/पृथक पृथक प्रवर्तित किया जाएगा ।

† मैं/हम किसी भी समय सुसंगत नियम में विनिर्दिष्ट सीमा के भीतर अपने सभी एकल या संयुक्त बचत बैंक/सा० सं० ज० खातों में अभिशेष बनाए रखने का और डाकघर बचत बैंक से मांग किए जाने पर ऐसे सभी खातों की विशिष्टियां भी देने का वचन देता हूं/देते हैं ।

5. मैं/हम केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए ऐसे नियमों का पालन करने के लिए सहमत हूं/हैं जो समय समय पर खाते को लागू हों ।

6. मैं/हम सरकारी बचत बैंक अधिनियम, 1873 (1873 का 5) की धारा 4 के अधीन नीचे व्यक्ति (व्यक्तियों) को अपनी मृत्यु हो जाने की दशा में खाते में जमा रकम के लिए एकमात्र प्राप्तिकर्ता (प्राप्तिकर्ताओं के रूप में) नामनिर्दिष्ट करता हूं/करते हैं ।

नाम निर्देशिती का नाम और पता — यदि नामनिर्देशिती अवयस्क व्यक्ति है तो

उसकी जन्म की तारीख — उस व्यक्ति का नाम और पता जो नाम निर्देशिती की अवयस्कता के दौरान उक्त रकम प्राप्त कर सकेगा ।

@ नाम निर्देशिती (नाम निर्देशितियों) का/के नाम (नामों) की प्रविष्टि पास बुक में न की जाए ।

साक्षी हस्ताक्षर

नाम और पता

7. नमूना-हस्ताक्षर

नाम	नमूना हस्ताक्षर		
	(1)	(2)	(3)
(1)			
(2)			
(3)			

†† जो भाग लागू न हो, काट दें ।

† चैक की सुविधा वाले बचत बैंक खातों की दशा में ही भरा जाए ।

@ यदि अपेक्षित न हो तो काट दें ।

प्ररूप 2

नियम 12 (1), (3) और (6) देखिए

.....डाकघर बचत बैंक, नाम निर्देशन या नामनिर्देशन के रद्दकरण या उसमें परिवर्तन के लिए

आवेदन

डाक घर का नाम खाता सं०

† मैं/हम जो बचत/सावधिक संचयी जमा/आवर्ती जमा/1/2/3/5 वर्ष सावधिक जमा खाता संख्या.....का/के जमाकर्ता हूं/हैं इसके द्वारा सरकारी बचत बैंक अधिनियम 1873 की धारा 4 के अधीन नीचे नामित व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त खाते में जमा रकम के लिए एकमात्र प्राप्तकर्ता (प्राप्तकर्ताओं) के रूप में नाम निदिष्ट करता हूं/करते हैं ।

नाम निर्देशिती का नाम और पता यदि नामनिर्देशिती अवयस्क व्यक्ति है तो

उसके जन्म की तारीख,

उस व्यक्ति का नाम और पता जो नाम निर्देशिती की अवयस्कता के दौरान उक्त रकम प्राप्त कर सकेगा ।

* नाम निर्देशिती (नाम निर्देशितियों) का/के नाम (नामों) की प्रविष्टि पास बुक में न की जाए ।

£ 2. यह नाम निर्देशन उक्त खाते की बाबत किए गए पूर्ववर्ती नाम निर्देशन को, जो सं०.....तारीख.....के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकृत है, अधिक्रान्त करता है ।

@ 3. उक्त खाते की बाबत कोई नाम निर्देशन पहले नहीं किया गया है, जो प्रवृत्त हो ।

† 4. मैं/हम जो बचत/सावधिक संचयी जमा/आवर्ती जमा/1/2/3/5 वर्ष सावधिक जमा खाता सं०.....का/के जमाकर्ता हूं/हैं इसके द्वारा उक्त खाते की बाबत, जो सं०.....तारीख.....के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकृत है, किया गया नामनिर्देशन रद्द करता हूं ।

शाखा डाकपाल के हस्ताक्षर आवेदक (आवेदन कर्ता) के हस्ताक्षर या यदि वह (वे) निरक्षर है (हैं) तो उसका (उनके) अंगूठा निशान

तारीख स्टाम्प

उप डाकपाल के हस्ताक्षर

तारीख स्टाम्प

प्रधान डाक पाल तारीख स्टाम्प

$यदि नामनिर्देशन अपेक्षित नहीं है तो काट दें ।

£यदि कोई पूर्ववर्ती नाम निर्देशन प्रवृत्त नहीं है तो काट दें ।

@यदि पूर्ववर्ती नाम निर्देशन, प्रवृत्त है तो काट दें ।

†यदि नामनिर्देशन या उसमें परिवर्तन अपेक्षित है तो काट दें ।

$यदि अपेक्षित नहीं है तो काट दें ।

[फा० सं० 3/15/81 एन०एस० (i)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATIONS

New Delhi, the 17th December, 1981

G.S.R. 662(E).—In exercise of the powers conferred by Section 15 of the Government Savings Banks Act, 1873 (5 of 1873) the Central Government hereby makes the following rules, namely.—

1. Short title, application and commencement.—(1) These rules may be called the Post Office Savings Bank General Rules, 1981.

(2) They shall be applicable to the following accounts in the Post Office Savings Bank, namely :—

(a) Savings Account.

(b) Cumulative Time Deposit Account.

(c) Recurring Deposit Account.

(d) Time Deposit Account.

(3) They shall come into force on the 1st day of April, 1982.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires.—

(a) "account" means a Savings Account, a Cumulative Time Deposit Account, a Recurring Deposit Account or a Time Deposit Account;

(b) "authorised" means authorised by the Director General, Posts and Telegraphs;

(c) "balance" means the balance at credit of an account;

(d) "Branch Savings Bank" means a Branch Post Office which is functioning also as a Savings Bank ;

(e) "Cumulative Time Deposit Account" means an account opened under the Post Office Savings Bank (Cumulative Time Deposit) Rules, 1959 or under the Post Office Cumulative Time Deposit Rules, 1981 ;

(f) "Extra Departmental Sub Savings Bank" means a Sub Savings Bank in charge of a part-time employee ;

(g) "Form" means a form appended to these rules :

(h) "guardian" in relation to a minor or a person of unsound mind means —

(i) either father or mother ; and

(ii) where neither parent is alive or is capable of acting, a person entitled under the law for the time being in force to have the care of the property of the minor, or as the case may be, the person of unsound mind ;

(i) "Head Postmaster" means an officer in charge of a Head Saving Bank and includes a Deputy Postmaster or an Assistant Postmaster to whom the powers of the Head Postmaster have been delegated ;

(j) "Head Saving Bank" means a Head Post Office which is functioning also a Savings Bank but does not include a Head Post Office declared by the Director General, Posts and Telegraphs to be Sub Savings Bank :

(k) "joint account" means an account opened by two adults or three adults, as the case may be, in their names ;

(l) "Post Office Savings Bank" means a Head Savings Bank and includes a Sub or Branch Savings Bank;

(m) "prescribed" means prescribed by the Director General, Posts and Telegraphs ;

(n) "Recurring Deposit Account" means an account opened under the Post Office (Recurring Deposits) Rules, 1970 or under the Post Office Recurring Deposit Rules, 1981 ;

(o) "Relevant Head Savings Bank", in relation to an account, means the Head Savings Bank in which the account stands or to which the Savings Bank where the account stands, is subordinate ;

(p) "relevant rule" means a rule under these rules, the Post Office Savings Account Rules, 1981, the Post Office Time Deposit Rules, 1981, the Post Office Recurring Deposit Rules, 1981 or the Post Office Cumulative Time Deposit Rules, 1981 ;

(q) "relevant Sub Savings Bank", in relation to an account, means the Sub Savings Bank in which the account stands or to which the Savings Bank where the account stands is subordinate;

(r) "Savings Account" means an account opened under the Post Office Savings Bank Rules, 1881, or under the Post Office Savings Banks Rules, 1965, or under the Post Office Savings Account Rules, 1981;

(s) "Savings Certificate" means a certificate issued under the Government Savings Certificates Act, 1959 (46 of 1959);

(t) "single account" means an account opened by or on behalf of an individual person in his name ;

(u) "Sub Savings Bank" means a Sub-Post Office which is functioning also as a Savings Bank and includes a Head Post Office declared by the Director General to be a Sub Savings Banks, but does not include an Extra-Departmental Sub Savings Bank ;

(v) "Time Deposit Account" means an account opened under Post Office (Time Deposits) Rules, 1970 or under the Post Office Time Deposit Rules, 1981.

3. Opening of an account.—A depositor desiring to open an account in a Post Office Savings Bank may make an application to it in Form 1.

4. Place of deposit.—(1) In the case of an account standing at a Head Savings Bank, a deposit may be made at the Head Savings Bank or at any of its Sub Savings Banks.

(2) In the case of an account standing at a Sub Savings Bank, a deposit may be made at the Sub Savings Bank or at the relevant Head Savings Bank or at any of it Sub-Savings Banks.

(3) In the case of an account standing at a Branch Savings Bank, a deposit may be made at the Branch Savings Bank or at the relevant Head Savings Bank or relevant Sub Savings Bank.

5. Mode of deposit.—(1) Deposit in a Post Office Savings Bank may be made in cash or by surrender of Savings Stamps or Indian Postal Orders or Postal Orders issued by British authorities and deposit in Head Savings Bank and Sub Savings Bank may also be made by means of—

(a) a cheque or a demand draft drawn in favour of the depositor or the Postmaster and crossed generally or specially in favour of the Head Savings Bank or the Sub Savings Bank, as the case may be;

(b) a pay order ;

(c) an income tax refund voucher or income tax refund orders ;

(d) an interest warrant issued by the Reserve Bank of India or a Defence Deposit Certificate or instalment of an Annuity Certificate;

(e) withdrawal or discharge of any amount payable on an account or savings certificate held by the depositor.

(2) Each deposit shall be accompanied by a pay-in-slip in the manner prescribed and the counterfoil of the pay-in-slip shall be returned to the tenderer duly receipted.

(3) Except as specified in the Post Office Cumulative Time Deposit Rules, 1981 and the Post Office Recurring Deposit Rules, 1981, the date of credit in an account of money deposited by cheque or other instrument shall be the date of its encashment and not the date of its presentation. tation.

(4) Where a deposit is made by means of an outstation cheque or instrument, collection charges at the prescribed rate shall be payable along with the deposit.

6. Withdrawal.—(1) Withdrawal from an account at a Sub-Savings Bank or Branch Savings Bank is subject to the availability of funds.

(2) No withdrawal except to the extent of the amount prescribed shall be allowed from an Extra Departmental Sub Savings Bank or a Branch Savings Bank without prior sanction of the relevant Head Savings Bank or the relevant Sub Savings Bank, as the case may be.

(3) In the case of an account standing at an Extra Departmental Sub Savings Bank or a Branch Savings Bank, withdrawal may also be made from the relevant Head Savings Bank or the relevant Sub Savings Bank to the extent of the amount actually credited to the account in such Head or Sub Savings Bank.

(4) In the case of an account opened on behalf of a minor or a person of unsound mind, a withdrawal during the minority or lunacy of the depositor shall be permitted on—

(a) the guardian, or

(b) where the person of unsound mind is confined in a mental hospital, the superintendent of such hospital,

furnishing a certificate in the following form :—

"Certified that the amount sought to be withdrawn is required for the use of Shri/Smt./Km.———— who is a minor/a person of unsound mind and is alive this day".

7. Identification of the depositor.—Identification of a depositor at the time of withdrawal under rule 6 shall ordinarily be made by verification of his signature appearing on the instrument of withdrawal with his specimen signature kept on record in the Post Office Savings Bank and in cases where identification cannot be done as aforesaid, it may be done on the basis of identity card, if any, issued to him by the Post Office or in such other manner as may be prescribed.

8. Pass Book.—(1) On opening an account, the depositor shall be given a pass book bearing the number of his account, his name, occupation or profession, address and entry of his first deposit duly initialled by an authorised official of the post office Savings Bank.

(2) It shall be the responsibility of the depositor to keep the pass book in safe custody.

(3) If the pass book is lost, stolen, destroyed or spoilt while in custody of the depositor, he shall be issued a duplicate pass book on his paying a fee of two rupees and on completion of such enquiries as the Post Office Savings Bank may consider necessary and no such fee shall be charged if the Head Postmaster is satisfied that the circumstances in which the pass book was lost, stolen, destroyed or spoilt were beyond the control of the depositor.

(4) The pass book shall ordinarily be presented for all withdrawals and deposits, other than those made by a cheque, and in cases where a deposit or withdrawal is made without production of the pass book, the pass book shall be presented to the Post Office Savings Bank as soon as possible thereafter for bringing it uptodate.

(5) When the pass book is returned duly completed, the depositor shall bring the errors or omissions therein, if any, to the notice of the Post Office Savings Bank forthwith and in the event of the depositor's failure to do so, the Post Office Savings Bank shall not be responsible for any loss arising from such errors or omissions.

(6) The pass book shall, as far as possible, be collected from the Post Office Savings Bank by the depositor on the same day on which it is presented to it under sub-rule (4) and where, for any reason, the pass book cannot be returned on the same day, the Post Office Savings Bank shall issue a receipt in lieu thereof and such receipt shall be surrendered by the depositor at the time of collecting the pass book on a subsequent date.

(7) The Post Office Savings Bank shall not be responsible for any entries in the pass book not authenticated under the initials of its authorised official.

9. Transfer of an account.—A depositor may have his account transferred from one Post Office Savings Bank to another Post Office Savings Bank free of charge by making an application in the prescribed form subject to such conditions as may be prescribed.

10. Conversion of an account.—Subject to the provisions of the relevant rules relating to an account, or a written application being made by its holder or holders, as the case may be—

(1) a single account in the name of an adult may be converted into a joint account in the name of the original depositor and another adult and a joint account in the names of two depositors may be converted into a single account in the name of one of the joint depositors.

(2) in the case of a savings account,—

(i) a joint account in the names of three adults may be converted into a single account in the name of one of the depositors or into a joint account in the names of two adults including at least one of the original depositors;

(ii) a joint account in the names of two adults may be converted into a joint account in the names of three adults, including at least one of the original depositors ; and

(iii) a single account in the name of an adult may be converted into a joint accounut in the names of three adults including the original depositor.

11. Final withdrawal on closure.—Except as otherwise provided in the relevant rules, final withdrawal on closure of an account at a Sub or Branch Savings Bank shall be allowed only after obtaining the sanction of the relevant Head Savings Bank.

12. Nomination.—(1) Subject to the provisions of sub-rules (2) to (7), an adult opening a single account or two adults or three adults opening a joint account, may by furnishing the necessary particulars in Form 1 at the time of opening the account, nominate any person or persons who in the event of death of the depositor or all the depositors, as the case may be, shall become entitled to payment of the amount due on the account and if such nomination is not made at the time of opening the account, it may be made by the depositor of a single account or by the depositors or the surviving depositor or depositors of a joint account, at any time after the opening of the account but before its closure, by means of an application in Form 2, accompanied by the pass book, to the Post Office Savings Bank where the account stands.

(2) No nomination shall be made in respect of an account opened or to be opened by or on behalf of a minor or a person of unsound mind.

(3) A nomination made under sub-rule (1) may be cancelled or varied by the depositor of a single account or by the depositors or the surviving depositor or depositors of a joint account, by submitting an application in Form 2, affixing postage stamps of the value of one rupee to it, together with the pass book to the Post Office Savings Bank where the account stands or to the relevant Head Savings Bank.

(4) The nomination or the cancellation or variation of a nomination shall be registered in the relevant Head Savings Bank and the fact of registration shall be noted in the pass book and on such registration, the nomination or cancellation or variation of nomination, as the case may be, shall be deemed to be effective from the date on which it was presented.

(5) A nomination shall become void if the nominee predeceases, or where there are two or more nominees, all the nominees predecease, the depositor.

(6) Where any nominee is a minor, the depositor or depositors making the nomination may, by furnishing the necessary particulars in Form 1 or Form 2, as the case may be, appoint the person to receive payment of the amount due on the account in the event of death of the depositor or depositors, as the case may be, during the minority of the nominee.

(7) Where an account is held by or on behalf of any person as a pledgee or by way of security for any purpose such holding shall not have the effect of cancelling a nomination but the right of the nominee or nominees shall be subject to the right of the person so holding the account.

Explanation.—In this rule and in rule 13, "single account" includes a pension account and a security deposit account and "joint account" includes a security deposit account.

13. Payment on death of depositor.—(1) In the event of death of the depositor of a single account or of all the depositors of a joint account, the amount due on the account shall be payable as specified in sub-rules (2) to (5).

(2)(a) If a nomination made under rule 12 is in force at the time of death of the depositor of a single account or the surviving depositor in the case of a joint account, the nominee or nominees surviving such depositor may make an application in the manner prescribed to the relevant Head Savings Bank for payment of the amount due on the account and such application shall be accompanied by proof of death, of the depositor or depositors, as the case may be, and, where any other nominee has predeceased the depositor, by proof of death of such nominee.

(b) If there is only one surviving nominee, the amount due on the account shall on his making an application as aforesaid, be payable to him.

(c) If there are two or more surviving nominees, the application as aforesaid may either be made by them jointly in which case the amount due on the account shall be payable to them jointly, or be made by each one of them separately in which case each such nominee applicant shall be entitled to receive an equal share of the amount due on the account.

(3) Where the surviving nominee is a minor, the payment under sub-rule (2) shall be made to the person appointed under sub-rule (6) of rule 12 to receive such payment and, if there is no such person, to the guardian of the minor.

(4) (a) If there is no nomination made under rule 12 which force at the time of death of the depositor of a single account or of the surviving depositor in the case of a joint account, the legal heir of such depositor may at any time

make an application in the manner prescribed to the relevant Head Savings Bank for payment of the amount due on the account and such application shall be accompanied by a succession certificate under the Indian Succession Act, 1925 (39 of 1925) or a probate of will or a letter of administration in support of claim to legal heirship of the applicant.

(b) The Head Postmaster, after verification of the authenticity of the documents produced, may make payment of the amount due on the account to the applicant.

14. Payment of amount at credit in an account held by Army, Air Force and Navy Personnel.—Notwithstanding anything contained in rules 12 and 13, where an account holder serving in the Army, Air Force or Navy, dies or deserts, the Commanding Officer of the Corps, department, detachment, unit or ship to which the account holder belonged, or the Committee of Adjustment, as the case may be, may send a requisition to the officer in charge of the Post Office Savings Bank where the account stands for payment of the amount due on the account to the Commanding Officer or the Committee of Adjustment; and the Officer in charge of the Post Office Savings Bank shall be bound to comply with such requisition even though there is in force at the time of death or desertion of the account holder a nomination made in favour of any person.

EXPLANATION : The aforesaid requisition must be made under section 3 or section 4 of the Army and Air Force (Disposal of Private Property) Act, 1950 (40 of 1950) in the case of a person belonging to the Army or the Air Force, or under Section 171 or section 172 of the Navy Act, 1957 (62 of 1957) in the case of a person belonging to the Navy.

15. Responsibility of the Savings Bank.—The Post Office Savings Bank shall not be—

(a) responsible to a depositor for any fraudulent withdrawal by a person obtaining possession of the pass book or a cheque from the cheque book of the depositor;

(b) liable if any fraud takes place due to failure of the depositor to ensure that the amount sought to be withdrawn is entered in the application for withdrawal before the same is presented at or sent duly signed by him to the Post Office Savings Bank for withdrawal;

(c) resposible to a depositor, if he or, in case the withdrawal form is presented by his agent, the agent, fails to ensure that the receipt for the payment is signed by him or the agent, as the case may be, only at the time of actual payment and not at the time of presentation of the application for withdrawal.

16. Accounts opened incorrectly.—(1) Where an account is found to have been opened incorrectly under a category other than the one applied for by the depositor, it shall be deemed to be an account of the category applied for if he was eligible to open such account on the date of his application and if he was not so eligible, the account may, if he so desires, be converted into an account of another category ab initio, if he was eligible to open an account of such category on the date of his application.

(2) In cases where the account cannot be so converted, the relevant Head Savings Bank may, at any time, cause the account to be closed and the deposits made in the account refunded to the depositor with interest at the rate applicable from time to time to a savings account of the type for which the depositor is eligible.

17. Accounts opened in contravention of rules.—Subject to the provisions of rule 16, where an account is found to have been opened in contravention of any relevant rule for the time being in force and applicable to the accounts kept in the Post Office Savings Bank, the relevant Head Savings Bank may, at any time, cause the account to be closed and the deposits made in the account refunded to the depositor without interest.

18. Recovery of amount paid in excess.—The Head Savings Bank shall be competent to recover any interest or any other amount paid in excess in the same manner as an arrear of land revenue.

19. Interpretation.—If any question arises relating to the interpretation of any relevant rule, it shall be referred to the Central Government for a decision.

20. Power to relax.—Where the Central Government is satisfied that the operation of any relevant rule causes undue hardship to the depositor or depositors of an account, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, relax the requirements of that provision in a manner not inconsistent with the provisions of the Act.

FORM 1

[See rules 3 and 12(1) and (6)]

POST OFFICE SAVINGS BANK

APPLICATION FOR OPENING AN ACCOUNT

Name of Post Office ..... Account No. .....

1. Please open a *

SAVINGS	CID/RD Denomination Rs.	TIME DEPOSIT 1/2/3/5/Year	Account

in the name(s) of :

Name(s) and address(es) ** (i) .....

.....

* (ii) .....

.....

* (iii) .....

.....

* Strike out portions not applicable.

** If minor, date of birth.....date of maturity.....applicant's relationship.....

£2. Introducer's (i) name and address .....

.....

.....

(ii) Signature .....

*3. The account will be operated [JOINTLY/SEVERALLY]

*4. I/We hereby undertake to keep the balances in all my/our SAVINGS/CTD accounts, single or joint at any time within the limit specified in the relevant rule, and also to furnish, upon demand from the Post Office Savings Bank, particulars of all such accounts.

5. I/We agree to abide by such rules framed by the Central Government as may be applicable to the account from time to time.

6. I/We nominate the person(s) named below, under section 4 of the Government Savings Bank Act, 1873 (5 of 1873), to be the sole recipient(s) in the event of my/our death, of the amount standing at the credit of the account.

Name and address of nominee	If nominee is minor	
	Date of birth	Name and address of person who may receive the said amount during the minority of nominee.
.....	.....	.....
.....	.....	.....
.....	.....	.....
.....	.....	.....

*The name(s) of nominee(s) may not be entered in the pass book.

Witness : Signature.....

Name and address .....

.....

7. Specimen signatures :

Name	Specimen signatures		
	(I)	(II)	(III)
(i)			
(ii)			
(iii)			

Signature of

Branch Postmaster

Date Stamp :

Sub Postmaster

Date Stamp

Signature(s) or
Thumb impression, if illiterate,
of applicant(s)

Head Postmaster

Date Stamp.

£ To be filled only for SAVINGS account with cheque facility.

* Strike out portions not applicable.

FORM 2

[See rule 12(1), (3) and (6)]

POST OFFICE SAVINGS BANK

APPLICATION FOR NOMINATION OR CANCELLATION OR VARIATION OF NOMINATION

Name of Post Office ..... Account No. .....

*I/we the depositor(s) of savings/Cumulative time deposit/recurring deposit/1/2/3/5-year tim e deposit account No. ....., hereby nominate the person(s) named below, under section 4 of the Government Savings Banks Act, 1873, to be the sole recipient(s) of the amount standing at the credit of the said account.

Name and address of nominee	If nominee is minor	
	Date of birth	Name and address of person who may receive the said amount during the nominee's minority
.....	.....	.....
.....	.....	.....
.....	.....	.....
.....	.....	.....

*$ The a name(s) of nominee(s) may not be entered in the pass book.

*£ 2. This nomination supersedes the previous nomination made in respect of the said account which stands registered under no. .....on.....(date).

*@3. No nomination has been previously made in respect of the said account which is in force.

@ 4. I/we, the depositor(s) of savings/cumulative time deposit/recurring deposite/1/2/3/5-year time deposit account No. ..... hereby cancel the nomination made in respect of the said account which stands registered under no. .....on. .....(date).

5. The pass book for the account is enclosed.

Signature(s) or thumb impression, if illiterate and name(s) of depositor(s).

Witness : Signature :

Name and address .....

.....

.....

Signature of :

Branch Postmaster

Date Stamp

Sub Postmaster

Date Stamp.

Head Postmaster

Date Stamp

* Strike out if no nomination is required.

£ Strike out if no previous nomination is in force.

@Strike out if a previous nomination is in force.

+ Strike out if nomination or variation thereof is required.

$ Strike out if not required.

[F. No. 3/15/81-NS(i)]

सा० का० नि० 663(अ).—केन्द्रीय सरकार, सरकारी बचत बैंक अधिनियम, 1873 (1873 का 5) की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम डाकघर बचत खाता नियम, 1981 है ।

(2) ये 1 अप्रैल, 1982 को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "खाता" से बचत खाता अभिप्रेत है ;

(ख) "सरकारी कम्पनी" से कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 617 में यथापरिभाषित सरकारी कम्पनी अभिप्रेत है ;

(ग) "स्थानीय प्राधिकारी" से कोई ऐसी पंचायत, जिला बोर्ड, नगरपालिका समिति (चाहे वे नियम, नगरपालिका या किसी अन्य नाम से ज्ञात हों), पत्तन आयुक्त का निकाय या अन्य प्राधिकारी अभिप्रेत है जो किसी नगरपालिय या स्थानीय निधि के नियंत्रण या प्रबन्ध के लिए वैध रूपेण हकदार है अथवा सरकार द्वारा न्यस्त है ।

(घ) "भविष्य निधि" से

(i) वह भविष्य निधि अभिप्रेत है जिसे भविष्य निधि अधिनियम, 1925 (1925 का 19) के उपबन्ध लागू होते हैं ।

(ii) आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (38) के अर्थ के अन्तर्गत कोई मान्यताप्राप्त भविष्य निधि या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित कोई भविष्य निधि अभिप्रेत है ;

(च) "संचायक" से वह बचत बैंक अभिप्रेत है जो विद्यालय या महाविद्यालय के विद्यार्थियों की बचत का संग्रहण करने के लिए किसी विद्यालय या महाविद्यालय में चलाया जाता है ;

(छ) "वर्ष" से 1 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाला वर्ष अभिप्रेत है ।

(ज) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं है किन्तु डाकघर बचत बैंक साधारण नियम 1981 में, परिभाषित हैं, वे ही अर्थ होंगे जो उनके उन नियमों में हैं ।

3. डाकघर बचत बैंक साधारण नियम, 1981 का लागू होना ।

ऐसे विषयों के लिए जिनके लिए इन नियमों में उपबन्ध नहीं किया गया है, डाकघर बचत बैंक साधारण नियम, 1981 के उपबन्ध लागू होंगे ।

4. बचत खातों के प्रकार और उनसे सम्बन्धित विषय ।

खातों के प्रकार ऐसे व्यक्ति जो ऐसे खाते खोल सकते हैं और उन्हें चला सकते हैं, अधिकतम राशि जो खाते में जमा की जा सकती है और उससे संबंधित अन्य विषय वे होंगे जो नीचे सारणी में विनिर्दिष्ट हैं, अर्थात् :—

सारणी

खाते का प्रकार	कौन खाता खोल सकता है	अधिनियम अतिशेष जिसमें चालू वर्ष का ब्याज नहीं है	खोले जा सकने वाले खातों की संख्या	खाता कौन चला सकता है
1	2	3	4	5
1. एकल खाता	(क) ऐसा व्यक्ति जिसने व्यस्कता की आयु प्राप्त कर ली है और स्वस्थचित्त है (जिसे इसमें इसके पश्चात वयस्क कहा गया है) ।	एक खाते में या सब खातों को मिलाकर, यदि जमाकर्ता के एक से अधिक खाते हैं, 25,000 रुपए ।	खातों की कोई संख्या, किन्तु एक डाकघर बचत बैंक में एक से अधिक खाता नहीं ।	वयस्क 1 कोई निरक्षर, अंधा या शारीरिक रूप से विकलांग वयस्क, अपने द्वारा इस प्रयोजन के लिए नामनिर्दिष्ट साक्षर अभिकर्ता की मार्फत अपना खाता चला सकता है ।
	(ख) ऐसा अवयस्क जिसने 10 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है।	25,000 रु०	एक	अवयस्क ।
	(ग) अवयस्क की ओर से संरक्षक	25,000 रु० इसमें अवयस्क द्वारा स्वयं खोला गया खाते का यदि कोई है अधिशेष भी है	प्रत्येक अवयस्क की ओर से एक	अवयस्क की अवयस्कता के दौरान संरक्षक और उसके पश्चात भूतपूर्व अवयस्क ।
	(घ) (i) विकृतचित्त व्यक्ति का संरक्षक	25,000 रु०	प्रत्येक विकृतचित्त व्यक्ति की ओर से एक	संरक्षक
	(ii) (उस मानसिक अस्पताल का अधीक्षक जिसमें विकृतचित्त व्यक्ति परिरुद्ध है) ।	25,000 रु०	प्रत्येक विकृतचित्त व्यक्ति की ओर से एक	मानसिक अस्पताल का अधीक्षक

1	2	3	4	5
	(ङ) किसी भविष्य निधि, अधिवर्षिता निधि या उपदान निधि के व्यष्टिक सदस्यों की ओर से उसको नियंत्रित करने वाला प्राधिकारी ।	सीमा रहित	प्रत्येक सदस्य की ओर से एक	निधि का नियंत्रण करने वाला प्राधिकारी या ऐसे प्राधिकारी से प्राधिकार पत्र प्रस्तुत करने पर सदस्य
2. संयुक्त खाता : (i) क-प्रकार अर्थात जमाकर्ताओं को संयुक्त रूप से या दो उत्तरजीवियों को संयुक्त रूप से या एकमात्र उत्तर-जीवी को संदेय ।	दो या तीन वयस्क	एक खाते में 50,000 रु० यदि जमाकर्ताओं के एक से अधिक (एकल, पेंशन या संयुक्त) खाते हैं तो प्रत्येक जमाकर्ता के लिए ऐसे सभी खातों में कुल मिलाकर अधि अतिशेष या अतिशेषों के अंश 25,000 रु० से अधिक नहीं होने चाहिए ।	खातों की कोई संख्या किन्तु एक डाकघर बचत बैंक में एक संयुक्त खाते से अधिक नहीं ।	यथास्थिति, सभी जमाकर्ता या दोनों उत्तरजीवी या एकमात्र उत्तर-जीवी ।
(ii) ख-प्रकार, अर्थात् जमा कर्ताओं में से किसी एक या दो उत्तर-जीवियों में से किसी एक को या एकमात्र उत्तर-जीवी को संदेय ।	दो या तीन वयस्क	जमाकर्ताओं के एक से अधिक (एकल, पेंशन या संयुक्त) खाते हैं तो प्रत्येक जमाकर्ता के लिए ऐसे सभी खातों में कुल मिलाकर अतिशेष या अतिशेषों के अंश 25,000 रु० से अधिक नहीं होने चाहिए ।	खातों की कोई संख्याकिन्तु एक डाकघर बचत बैंक में एक संयुक्त खाते से अधिक नहीं ।	यथास्थिति जमाकर्ताओं में से एक या दोनों जमाकर्ताओं या उत्तरजीवी ।
3. पेंशन खाता	कोई पेंशन भोगी जो सैवानिवृत्त रेल सेवक या डाक और तार विभाग का सेवक है ।	25,000 रु० जिसमें जमाकर्ता द्वारा खोले गए एकल खातों, यदि कोई हैं, के अतिशेष या सयुक्त खाते यदि कोई हैं के अतिशेष का अंश भी सम्मिलित है ।	एक	उस मास के आगामी मास के प्रथम कार्य दिवस को जिस मास की पेंशन राशि है, पेंशन भोगी को देय पेंशन की राशि खाते में जमा करने के लिए और किसी ऐसी राशि की जो उस राशि से अधिक है जिसका पेंशन भोगी हकदार था उस अधिक राशि को वसूल करने के लिए मुख्य बचत बैंक या उप-बचत बैंक ।
ख. सामूहिक खाता :				
4. भविष्य निधि, अधिवर्षिता निधि या उपदान निधि खाता ।	निधि के नाम में निधि का नियन्त्रण करने वाला प्राधिकारी ।	सीमा रहित	निधि की ओर से एक	(ख) रकम निकालने के लिए पेंशन भोगी निधि का नियन्त्रण करने वाल प्राधिकारी ।
5. संचायक खाता	संचायक निधियों का नियंत्रण करने वाला प्राधिकारी	सीमा रहित	एक	संचायक की निधियों का नियंत्रण करने वाले प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत एक या दो व्यक्ति ।
ग. संस्थागत खाते : 6. लोक खाता	कोई स्थानीय प्राधिकारी या वैध रूप से गठित कोई संगम संस्था,	सीमा रहित	प्रत्येक संविदा या प्रतिपूर्ति के संबंध में एक ।	प्राधिकारी या निकाय के विकल्प उस प्रयोजन के लिए संयुक्त: या पृथकत: प्राधिकृत एक या दो व्यक्ति ।
घ. अन्य खाते : 7. प्रतिभूति जमा खाता	(क) किसी ऐसे सरकारी निकाय या किसी निगम या किसी सरकारी कंपनी या किसी विश्वविद्यालय का कोई कर्मचारी ठेकेदार या अभिकर्ता जिससे ऐसे कर्मचारी, ठेकेदार या अभिकर्ता की हैसियत में प्रतिभूति जमा करने की अपेक्षा की गई है ।	सीमा रहित	प्रत्येक संविदा या प्रतिभूति की बाबत एक ।	गिरवीदार या गिरवीदार द्वारा प्राधिकृत राशि के विस्तार तक गिरवीकर्ता ।

1	2	3	4	5
	(ख) कोई व्यक्ति जिससे कोई मोटर-यान क्रय करने के संबंध में प्रतिभूति जमा करने की अपेक्षा की जाती है या कोई व्यक्ति अकेले/संयुक्त रूप से जिससे/जिनसे ट्रैक्टर क्रय करने के संबंध में प्रतिभूति जमा करने की अपेक्षा की जाती है ।	प्रतिभूति के रूप में जमा की जाने के लिए अपेक्षित राशि ।	प्रत्येक यान ट्रैक्टर की बाबत एक ।	गिरवीदार द्वारा प्राधिकृत विस्तार तक गिरवीकर्ता (या संयुक्त रूप से गिरवीकर्ता गण) ।
	(ग) कोई ऐसी सहकारी सोसाइटी या सहकारी बैंक जिसको विदेश सेवा या प्रतिनियुक्ति पर सरकारी सेवकों की उनके वेतन, छुट्टी वेतन और पेंशन अभिदाय का संदाय करने के लिए रखा गया है ।	सीमा रहित	प्रत्येक सहकारी सोसाइटी या बैंक की बाबत एक	गिरवीदार या गिरवीदार के लिखित प्राधिकार से सहकारी सोसाइटी या बैंक के जो खाते को राज्य के राज्यपाल को गिरवी रखेगा विकल्प पर इस प्रयोजन के लिए संयुक्त रूप से या पृथक्-पृथक् रूप से प्राधिकृत एक या दो व्यक्तियों की मार्फत गिरवीकर्ता ।
8. पदीय हैसियत	(i) सरकारी राजपत्रित अधिकारी या सरकारी कम्पनी या निगम या भारतीय रिजर्व बैंक का कोई अधिकारी या ऐसे व्यक्तियों या निकायों की ओर से जिनका धन जमा के रूप में या अन्यथा एस अधिकारी के पास रखा जाता है अपनी पदीय हैसियत में स्थानीय प्राधिकारी ।	सीमा रहित	प्रत्येक व्यक्ति या निकाय की ओर से एक।	वह अधिकारी या पाने वाला जिसने खाता खोला है या उसका पद उत्तरवर्ती ।
	(ii) उसके द्वारा प्राप्त धन की बाबत ऐसे रिसीवर के रूप में न्यायालय द्वारा नियुक्त किया गया कोई रिसीवर।			

टिप्पण (1) संयुक्त खाते में अधिकतम अतिशेष के, प्रयोजन के लिए जमाकर्ताओं का अंश । ऐसे अतिशेष का आधा या एक तिहाई उसके अनुसार माना जाएगा कि खाता दो वयस्कों या तीन वयस्कों द्वारा धारित है ।

टिप्पण (2) सारणी की मद 1 (ख) या (ग) के अधीन किसी अवयस्क के नाम में कोई खाता उसके वयस्कता की आयु प्राप्त करने पर हर प्रकार से सारणी की मद (1) (क) के अधीन किसी वयस्क द्वारा खोला गया खाता समझा जाएगा ।

टिप्पण (3) सारणी की मद 1 (ग) अथवा (घ) के अधीन किसी अवयस्क अथवा विक्षिप्त व्यक्ति की बाबत यथास्थिति, केवल एक ही खाता खोला जा सकता है ।

टिप्पण (4) दो वयस्कों के नाम में एक संयुक्त खाता जमाकर्ताओं में से प्रत्येक या दोनों द्वारा उसी या किसी दूसरे डाकघर बचत बैंक में धारित एकल खाते और पेंशन खाते के अतिरिक्त खोला जा सकता है । यदि संयुक्त जमाकर्ताओं में से किसी एक की मृत्यु हो जाती है तो संयुक्त खाता ऐसे जमाकर्ता की मृत्यु की तारीख से ही उत्तरजीवी जमाकर्ता के नाम में एकल खाता समझा जाएगा । यदि उसी डाकघर बचत बैंक में पहले से ही उसके नाम में एकल खाता है तो दोनों में से एक खाता बंद कर दिया जाएगा ।

टिप्पण (5) तीन जमाकर्ताओं के नाम में एक संयुक्त खाता जमाकर्ताओं में से किसी एक या सभी के द्वारा उसी या किसी अन्य डाकघर, बचत बैंक में धारित एकल खाते और पेंशन खाते और जमाकर्ताओं में से किन्हीं दो के द्वारा धारित संयुक्त खातों के अतिरिक्त खोला जा सकता है । यदि तीनों जमाकर्ताओं में से एक की मृत्यु हो जाती है तो ऐसे जमाकर्ता की मृत्यु की तारीख से वह खाता दो उत्तरजीवी जमाकर्ताओं के नाम में संयुक्त खाता समझा जाएगा । यदि उस डाकघर बचत बैंक में पहले से ही उनके नाम में कोई संयुक्त खाता है तो दोनों खातों में से एक खाता बंद कर दिया जाएगा । दो उत्तरजीवी जमाकर्ताओं में से एक की मृत्यु की दशा में, वह खाता ऐसे जमाकर्ता की मृत्यु की तारीख से एकमात्र उत्तरजीवी जमाकर्ता के नाम में एकल खाता समझा जाएगा । यदि उस डाकघर बचत बैंक में पहले से ही उनके नाम में एकल खाता है तो दोनों में से एक खाता बंद कर दिया जाएगा ।

टिप्पण (6) "पेंशनभोगी" पद के अन्तर्गत कुटुंब पेंशन लेने वाला व्यक्ति है । उसी या किसी अन्य डाकघर बचत बैंक में एकल खाते या संयुक्त खाते या दोनों के अतिरिक्त पेंशन खाता खोला जा सकता है ।

टिप्पण (7) कोई हाई स्कूल या माध्यमिक महाविद्यालय, जो उत्तर प्रदेश हाई स्कूल और माध्यमिक महाविद्यालय [अध्यापकों और दूसरे कर्मचारियों के वेतन का संदाय अधिनियम, 1971 (1971 का उत्तर प्रदेश अधिनियम 24)] के अर्थ के अन्तर्गत कोई संस्था है, उक्त अधिनियम में यथा-परिभाषित निरीक्षक के साथ, अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों के वेतनों के संदाय के प्रयोजन के लिए सारणी की मद 6 के अधीन, संयुक्त रूप से लोक खाता खोल सकता है । ऐसा खाता (i) संयुक्त रूप से प्रबन्ध मंडल के किसी प्रतिनिधि द्वारा और उक्त निरीक्षक द्वारा या उक्त निरीक्षक द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा या (ii) यदि प्रबन्धमण्डल के अकेले किसी प्रतिनिधि द्वारा वह उक्त निरीक्षक द्वारा उस प्रभाव के लिए सम्यकरूप से प्राधिकृत किया गया है या (iii) स्वयं उक्त निरीक्षक द्वारा या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा चलाया जा सकेगा ।

5. किसी खाते में जमा और उससे निकाला जाना

(1) पांच रुपए से कम जमा का कोई खाता नहीं खोला जाएगा ।

(2) नकदी, बचत स्टांप और पोस्टल आर्डर की दशा में पश्चात्-वर्ती जमा एक रुपए और चैक या जमा के लिए स्वीकृत अन्य लिखतों की दशा में 5 रुपए से कम नहीं होगी ।

(3) वापस निकाला जाना एक रुपए से कम की राशि का नहीं होगा ।

(4) ऐसा कोई निकाला जाना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जिसका प्रभाव अतिशेष को उस खाते में जिसमें चैक की सुविधा नहीं है पांच रुपए और उस खाते में जिसमें चैक की सुविधा उपलब्ध है एक सौ रुपए से कम करना है ।

(5) किसी अतिरिक्त विभागीय उप बचत बैंक या शाखा बचत बैंक के किसी खाते से रकम एक दिन में एक बार से अधिक नहीं निकालने दी जाएगी ।

(6) पांच रुपए से अन्यून रकम चैक द्वारा किसी मुख्य बचत बैंक या उप-बचत बैंक, इस निमित्त प्राधिकृत बैंक से, विहित शर्तों के अधीन रहते हुए, निकाली जा सकती है ।

6. किसी खाते में जमा पर ब्याज

(1) उप-नियम (2) से (9) के अधीन रहते हुए किसी खाते में जमा न्यूनतम अतिशेष पर केन्द्रीय सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचित दर पर ब्याज प्रत्येक कलेंडर मास के लिए बसवें दिन की समाप्ति और मास के अंत के बीच अनुज्ञेय होगा और ऐसा ब्याज प्रत्येक वर्ष के अंत में संगणित किया जाएगा और खाते में जमा कर दिया जाएगा ।

(2) ब्याज केवल पूरे रुपए पर अनुज्ञेय होगा और अगले पांच पैसे के निकटतम गुणज तक पूर्णांकित किया जाएगा और इस प्रयोजन के लिए 2.5 पैसे या उससे अधिक की रकम को पांच पैसे के रूप में माना जाएगा और 2.5 पैसे कम की रकम को हिसाब में नहीं लिया जाएगा ।

(3) किसी ऐसे मास में किसी ऐसे खाते पर जिसमें मास की दसवीं और अंतिम तारीख के बीच किसी समय खाते में जमा अतिशेष दस रुपए से कम है ब्याज अनुज्ञेय नहीं होगा ।

(4) किसी ऐसे वर्ष में जिस वर्ष में ब्याज की राशि पचास पैसे से कम है किसी खाते पर ब्याज अनुज्ञेय नहीं होगा ।

(5) नियम 4 के नीचे सारणी के स्तंभ (3) में विनिर्दिष्ट अधिकतम अतिशेष से अधिक की राशि पर कोई ब्याज अनुज्ञेय नहीं होगा ।

(6) किसी ऐसे खाते पर, जो किसी भविष्य निधि, अधिवर्षिता निधि या उपदान निधि द्वारा किसी सदस्य के नाम में उस मास की जिसमें, निधि का नियंत्रण करने वाले प्राधिकारी द्वारा खाते में अतिशेष की रकम के अंतिम निकाले जाने के लिए यथास्थिति, आदेश या प्राधिकरण जारी किया गया है, पहली तारीख से छह मास की समाप्ति के पश्चात् खोला गया है, कोई ब्याज अनुज्ञेय नहीं होगा ।

(7) किसी ऐसे मास की, जिसमें प्रतिभूत रकम यथास्थिति, गिरवीदार द्वारा निकाल ली गई है या गिरवीकर्ता को ऐसी रकम का प्रतिसंदाय प्राधिकृत किया है । पहली तारीख से तीन मास की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रतिभूति जमा खाते पर कोई ब्याज अनुज्ञेय नहीं होगा ।

(8) यदि किसी वर्ष के दौरान कोई खाता बन्द कर दिया जाता है तो ब्याज उस मास के जिसमें खाता बंद किया गया है पूर्ववर्ती मास के अंत तक अनुज्ञेय होगा ।

(9) (क) किसी जमाकर्ता की मृत्यु की दशा में, उसके खाते पर ब्याज केवल उस मास के पूर्ववर्ती मास के अंत तक अनुज्ञेय होगा जिसमें डाकघर बचत बैंक द्वारा, उक्त खाते में अतिशेष को प्राप्त करने के लिए पात्र होने के लिए मान्यताप्राप्त व्यक्ति या व्यक्तियों को सूचना जारी की गई है ।

(ख) किसी पश्चात्वर्ती अवधि के लिए ब्याज तब ही अनुज्ञात किया जाएगा जब मृतक के खाते में अतिशेष या उसके अंश जिसके लिए दावेदार पात्र हैं, उसके द्वारा धारित किसी अन्य बचत खातों में अतिशेषों या अतिशेषों का अंश यदि कोई है कुल मिलाकर पचीस हजार रुपए से अधिक नहीं होता है और दावेदार डाकघर बचत बैंक को उस प्रभाव की एक घोषणा करता है ।

7. अतिशेष का पुष्टिकरण :—जमाकर्ता 31 मार्च, के पश्चात् यथासंभव शीघ्र ब्याज के जोड़े जाने और खाते में जमा अतिशेष के पुष्टिकरण के लिए अपनी पास बुक डाकघर बचत बैंक को जहां उसका खाता है प्रस्तुत करेगा और यदि जमाकर्ता द्वारा इस प्रकार पास-बुक प्रस्तुत नहीं की जाती है या उसके प्रस्तुत किए जाने के तीन मास के भीतर डाकघर बचत बैंक से वापस नहीं ली जाती है तो उसका अर्थ डाकघर बचत बैंक की पुस्तकों में जमा अतिशेष को जमाकर्ता द्वारा अंतिम स्वीकृत मान लेना होगा ।

8. निष्क्रिय खाता :—(1) कोई ऐसा खाता जिसमें पूरे छह वर्षों से कोई जमा या रकम नहीं निकाली गई है निष्क्रिय खाता माना जाएगा।

(2) किसी निष्क्रिय खाते की बाबत, सुसंगत मुख्य बचत बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना किसी संव्यवहार नहीं किया जाएगा ।

9. बंद करने पर रकम का अंतिम रूप से निकाला जाना :—(1) अपनियम (2) में यथाउपबंधित के सिवाय किसी खाते के बंद किए जाने पर किसी उप-बचत बैंक या अतिरिक्त विभागीय उप-बचत बैंक अथवा शाखा बचत बैंक से रकम का अन्तिम रूप से निकाला जाना सुसंगत मुख्य बचत बैंक की मंजूरी प्राप्त करने के पश्चात् ही अनुज्ञात किया जाएगा ।

(2) जब ब्याज का संदाय अंतर्वलित नहीं है, तब किसी खाते के बंद किए जाने पर रकम का अंतिम रूप से निकाला जाना, किसी उप-बचत बैंक द्वारा मुख्य बचत बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना अनुज्ञात किया जा सकेगा ।

10. बचत बैंक के खाते (लेजर) की प्रति का प्रदाय :—कोई जमाकर्ता किसी ऐसी अवधि के लिए जिसके लिए ऐसा खाता उपलब्ध है डाकघर बचत बैंक में यथावर्णित अपने बचत खाते की प्रति प्रत्येक तीस प्रविष्टियों या उनके भाग के लिए दो रुपए की फीस का संदाय करने पर प्राप्त कर सकेगा ।

11. निरसन और व्यावृत्ति :—(1) डाकघर बचत बैंक नियम, 1881 के उपबंध जो प्रवृत्त हैं और डाकघर बचत बैंक नियम, 1965 इसके द्वारा निरसित किए जाते हैं ।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन की गई कोई बात या कोई कार्यवाई इन नियमों के या डाकघर बचत बैंक साधारण नियम, 1981 के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गई समझी जाएगी ।

[फा० सं० ज/15/81-एन० एस० (ii)]

G.S.R. 663(E).—In exercise of the powers conferred by section 15 of the Government Savings Banks Act, 1873 (5 of 1873), the Central Government hereby makes the follwing rules, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Post Office Savings Account Rules, 1981.

(2) They shall come into force on the 1st day of April, 1982.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "account" means a Savings Account;

(b) "Government company" means a Government company as defined in section 617 of the Companies Act, 1956 (1 of 1956);

(c) "Local authority" means a Panchayat, District Board, Municipal Committee (whether known as Corporation, Municipality or by any other name), body of Port Commissioners or other authority legally entitled to or entrusted by the Government with the control or management of any municipal or local fund;

(d) "provident fund" means—

(i) a provident fund to which the provisions of the Provident Fund Act, 1925 (19 of 1925) apply;

(ii) a recognised provident fund within the meaning of clause (38) of section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), or a provident fund established by or under any law for the time being in force;

(e) "Sanchayika" means a Savings Bank run in any school or college for collecting the savings of students of the school or college;

(f) "year" means a year commencing on the 1st day of April;

(g) words and expressions used herein and not defined but defined in the Post Office Savings Bank General Rules, 1981, have the meanings respectively assigned to them in these rules.

3. Application of the Post Office Savings Bank General Rules, 1981.—For matters not provided in these rules, the provisions of the Post Office Savings Bank General Rules, 1981 shall apply.

4. Types of Savings Accounts and matters connected therewith.—The types of accounts, the persons by whom such accounts may be opened and operated upon, maximum amount that can be credited to the account and other matters connected therewith shall be as specified in the Table below, namely :—

TABLE

Type of Account	Who may open	Maximum balance excluding interest for the current year	Number of accounts that can be opened	Who may operate the account
1	2	3	4	5
A. INDIVIDUAL ACCOUNTS :				
1. Single Account	(a) A person who has attained the age of majority and who is of sound mind (hereinafter referred to as an adult).	Rs. 25,000 in an account or in all the accounts taken together, if a depositor has more than one account.	Any number of accounts but not more than one account at one Post Office Savings Bank.	The adult. An illiterate, blind or otherwise physically handicapped adult may operate on his account through a literate agent, nominated by him for the purpose.
	(b) A minor who has attained the age of 10 years.	Rs. 25,000	One	The minor.
	(c) A guardian on behalf of a minor.	Rs. 25,000 inclusive of the balance in the account, if any, opened by the minor himself.	One on behalf of each minor.	The guardian during the minority of the minor and thereafter the ex-minor.
	(d) (i) A guardian of a person of unsound mind.	Rs. 25,000	One on behalf of each person of unsound mind.	(a) The guardian.
	(ii) The Superintendent of the Mental Hospital where a person of unsound-mind is confined.	Rs. 25,000	One on behalf of each person of unsound mind.	(b) The Superintendent of the Mental Hospital.
	(e) An authority controlling a Provident Fund, Superannuation Fund or Gratuity Fund, on behalf of its individual members.	Without limit.	One on behalf of each member.	The authority controlling the Fund or the member on production of a letter of authorisation from such authority.

1	2	3	4	5
2. Joint Account (i) A-Type, that is to say, payable to the depositors jointly or to two survivors Jointly or to the sole survivor.	Two or three adults.	Rs. 50,000 in an account. If the depositors have more than one account (single, pension or joint), the balances or shares of balances in all such accounts taken together should not exceed Rs. 25,000 for each of the depositors.	Any number of accounts but not more than one Joint account at one Post Office Savings Bank.	All the depositors or both the survivors or the sole survivor as the acse may be.
(ii) B-Type, that is to say, payable to any one of the depositors or to either of the two survivors or to the sole survivor.	Two or three adults.	Rs. 50,000 in an account. If the depositors have more than one account (single, pension or joint), the balances or shares of balances in all such accounts taken together should not exceed Rs. 25,000 for each of the depositors.	Any number of accounts but not more than one Joint account at one Post Office Savings Bank.	One of the depositors or either of the two survivos or the sole survivor, as the case may be.
3. Pension Account.	A pensioner, being a retired Railway servant or a servent of the Posts and Telegraphs Department.	Rs. 25,000, inclusive of balances in single accounts, if any, and share of balances in joint accounts, if any, opened by the depositor.	One.	(a) The Head Savings Bank or Sub-Savings Bank. for crediting to the account the amount of pension due to the pensioner on the first working day of the month following the month to which the pension amount relates and for recovering any amount credited in excess of the sum to which the pensioner was entitled (b) The pensioner, for making withdrawals.
B. GROUP ACCOUNTS				
4. Provident Fund, Superannuation Fund or Gratuity Fund Account.	The authority controlling the Fund, in the name of the Fund.	Without limit	One on behalf of the Fund.	The authority controlling the Fund.
5. Sanchayika Account	The authority controlling the funds of the Sanchayika.	Without limit	One	One or two persons authorised by the authority controlling the funds of the Sanchayika.
C. INSTITUTIONAL ACCOUNTS				
6. Public Account	A local authority or a lawfully constituted association, institution or other body for encouragement of thrift or for mutual benefit of its members.	Without limit	One in respect of each authority or body.	One or two persons authorised for the purpose either jointly or severally at the option of the authority or body.
D. OTHER ACCOUNTS				
7. Security Deposit Account.	(a) An employee, contractor or agent of a Government body or of a Corporation or of a Government company or of a University who is required to deposit security in his capacity as such employee, contractor or agent.	Without limit.	One in respect of each contract or security.	The pledgee, or the pledger to the extent of the amount authorised by the pledgee.

1	2	3	4	5
	(b) Any person who is required to deposit security in connection with the purchase of a motor vehicle or any person singly or persons jointly who is or are required to deposit security in connection with the purchase of a tractor.	The amount required to be deposited as security.	One in respect of each vehicle or tractor.	The pledger (or the pledgers jointly) to the extent authorised by the pledgee.
	(c) A Co-operative Society or a Co-operative Bank with whom Government servants are placed on foreign service or deputation, for payment of their pay, leave salary and pension contribution.	Without limit.	One in respect of each Cooperative Society or Bank.	The pledgee, or the pledger on the written authority of the pledgee, through one or two persons authorised for the purpose either jointly or severally at the option of the Co-operative Society or Bank who will pledge the account to the Governor of the State.
8. Official Capacity Account	(i) Gazetted Government Officer or an officer of a Government company or Corporation or the Reserve Bank of India or a local authority in his official capacity on behalf of persons or bodies whose moneys are held as deposit or otherwise with such officer. (ii) A receiver appointed by a Court of law in respect of moneys received by him as such receiver.	Without limit.	One on behalf of each person or body.	The officer or receiver who opened the account or his successor in office.

Note 1: For the purpose of maximum balance, the depositor's share in the balance of a joint account shall be taken as one-half or one-third of such balance according as the account is held by two adults or three adults.

Note 2: An account standing in the name of a minor under item 1(b) or (c) of the Table, shall on his attaining the majority, be treated in all respects as an account opened by an adult under item (1)(a) of the Table.

Note 3: Under item 1(c) or (d) of the Table, only one account can be opened in respect of a minor or a person of unsound mind, as the case may be.

Note 4: A joint account in the names of two adults may be opened in addition to a single account and pension account held by either or both of the depositors in the same or another Post Office Savings Bank. If one of the joint depositors dies, the joint account shall, as from the date of the death of such depositor, be deemed to be a single account in the name of the surviving depositor. If he is already having a single account in his name in the same Post Office Savings Bank, one of the two accounts shall be closed.

Note 5: A joint account in the names of three depositors may be opened in addition to a single account and pension account held by any or all of the depositors and joint accounts held by any two of the depositors in the same or another Post Office Savings Bank. If one of the three depositors dies, the account shall, as from the date of death of such depositor, be deemed to be a joint account in the names of the two surviving depositors. If they are already having a joint account in their names in the same Post Office Savings Bank, one of the two accounts shall be closed. In the case of death of one of the two surviving depositors, the account shall as from the date of death of such depositor, be deemed to be a single account in the name of the sole surviving depositor. If he is already having a single account in his name in the same Post Office Savings Bank, one of the two accounts shall be closed.

Note 6: The term 'pensioner' includes a person drawing family pension. A pension account may be opened in addition to a single account or a joint account or both in the same or another Post Office Savings Bank.

Note 7: A High School or Intermediate College, being an institution within the meaning of the Uttar Pradesh High Schools and Intermediate Colleges (Payment of Salaries of Teachers and other Employees) Act, 1971 (Uttar Pradesh Act 24 of 1971) may, jointly with the Inspector as defined in the said Act, open a public account under item 6 of the Table for the purpose of payment of salaries of its teachers and other employees. Such account may be operated (i) jointly by a representative of the mangement and by the said Inspector or an Officer authorised by the said Inspector or (ii) by a representative of the management alone if duly authorised to that effect by the said Inspector or (iii) by the said Inspector himself or an Officer authorised by him in that behalf.

5. Deposits and withdrawals in an account—

(1) No account shall be opened with a deposit of less than five rupees.

(2) No subsequent deposit shall be less than one rupee in the case of cash, savings, stamps and postal orders and five rupees in the case of a cheque or other instrument accepted for deposit.

(3) No withdrawal shall be for a sum less than one rupee.

(4) No withdrawal shall be permitted which has the effect of reducing the balance to less than five rupees in an account not having cheque facility or one hundred rupees in an account in which cheque facility has been provided.

(5) Not more than one withdrawal in a day shall be allowed from an account standing at an Extra Departmental Sub Savings Bank or Branch Savings Bank.

(6) Withdrawal of not less than five rupees may be made by cheque at any Head Savings Bank or Sub Savings Bank, authorised in this behalf, subject to the conditions prescribed.

6. Interest on deposits in an account—

(1) Subject to sub-rules (2) to (9), interest at the rate, notified by the Central Government in the official gazette from time to time, shall be allowed for each calendar month on the lowest balance at credit of an account between the close of the tenth day and the end of the month and such interest shall be calculated and credited in the account at the end of each year.

(2) Interest shall be allowed only on sums of complete rupees and shall be rounded off to the nearest multiple of five paise and for this purpose any amount of 2.5 paise or more shall be treated as five paise and any amount less than 2.5 paise shall be ignored.

(3) No interest shall be allowed on an account for any month in which the balance at credit is below ten rupees at any time between the tenth and last date of the month.

(4) No interest shall be allowed on an account for any year in which the amount of interest for the year is less than fifty paise.

(5) No interest shall be allowed on any sum in excess of the maximum balance specified in column (3) of the Table below rule 4.

(6) No interest shall be allowed on an account opened by any Provided Fund, Superannuation Fund or Gratuity Fund in the name of a member, after the expiry of six months from the first day of the month in which the order, or as the case may be the authorisation for final withdrawal of the balance at credit is issued by the authority controlling the Fund.

(7) No interest shall be allowed on a security deposit account after the expiry of three months from the first day of the month in which the amount secured has been withdrawn by the pledgee or the pledgee has authorised repayment of such amount to the pledger, as the case may be.

(8) If an account is closed in the course of a year, interest shall be allowed upto the end of the month preceding the month in which the account is closed.

(9) (a) In the event of death of a depositor, the interest on his account shall be allowed only till the end of the month preceding the month in which notice is issued to the person or persons recognised by the Post Office Saving Bank as being entitled to receive the balance in the said account.

(b) Interest for any subsequent period shall be allowed only if the balance in the account of the deceased or the share therein to which a claimant is entitled, together with the balances or share of balances, if any, in other savings accounts held by him, does not exceed twenty-five thousand rupees and the claimant gives a declaration to that effect to the Post Office Savings Bank.

7. Confirmation of balance.—The depositor shall present his pass book as soon as possible after the 31st day of March to the Post Office Savings Bank where his account stands, for addition of interest and confirmation of the balance at credit in the account and if the pass book is not so presented by the depositor or collected by him from the Post Office Savings Bank within three months of its presentation, it may entail acceptance by the depositor of the balance as appearing in the books of the Post Office Savings Bank as final.

8. Silent Account.—(1) An account in which a deposit or withdrawal has not taken place for six complete years, shall be treated as a silent account.

(2) No transaction shall be allowed in respect of a silent account without the prior sanction of the relevant Head Savings Bank.

9. Final Withdrawal on closure.—(1) Except as provided in sub-rule (2), final withdrawal on closure of an account shall be allowed at a Sub-Savings Bank, Extra Departmental Sub-Savings Bank or Branch Savings Bank, only after obtaining the sanction of the relevant Head Savings Bank.

(2) When payment of interest is not involved, final withdrawal on closure of an account may be allowed by a Sub-Savings Bank without obtaining the prior sanction of the Head Savings Bank.

10. Supply of Savings Bank ledger copy.—A depositor may, on payment of a fee of two rupees for every thirty entries or part thereof, obtain copy of his savings account as appearing in the ledger of the Post Office Savings Bank for any period for which such ledger is available.

11. Repeal and Saving.—(1) The provisions of the Post Office Savings Bank Rules, 1881, which are in force and the Post Office Savings Banks Rules, 1965 are hereby repealed.

(2) Notwithstanding such repeal anything done or any action taken under the rules so repealed shall be deemed to have been done or taken under the corresponding provisions of these rules or the Post Office Savings Bank General Rules, 1981.

[F. No. 3/15/81-NS (ii)]

सा० का० नि० 664(अ) :—केन्द्रीय सरकार, सरकारी बचत बैंक अधिनियम, 1873 (1873 का 5) की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :— (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम डाक घर सावधिक जमा नियम, 1981 है ।

(2) ये 1 अप्रैल, 1982 को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं :— इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "खाता" से सावधिक जमा खाता अभिप्रेत है ।

(ख) "वर्ष" से वह वर्ष अभिप्रेत है, जो किसी खाते में जमा की तारीख को प्रारम्भ होता है ;

(ग) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु डाकघर बचत बैंक साधारण नियम, 1981 और डाकघर बचत खाता नियम, 1981 में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो उनके उन नियमों में है ।

3. डाकघर बचत बैंक साधारण नियम, 1981 का लागू होना:--उन विषयों को जिनके लिए इन नियमों में उपबंध नहीं किया गया है, डाकघर बचत बैंक साधारण नियम, 1981 के उपबंध लागू होंगे ।

4 खातों के प्रकार और उनसे संबंधित विषय ।

(1) खाते चार प्रकार के होंगे, अर्थात्, एक वर्षीय खाता, दो वर्षीय खाता, तीन वर्षीय खाता और पांच वर्षीय खाता, जिनमें क्रमशः एक वर्ष, दो वर्ष, तीन वर्ष और पांच वर्ष के लिए रकमें की जा सकेंगी ।

(2) उन खातों के प्रकार जो खोले जा सकेंगे, वे व्यक्ति जिनके द्वारा ऐसे खाते खोले और चलाए जा सकेंगे और उनसे संबंधित अन्य विषय नीचे सारणी में यथा विनिर्दिष्ट होंगे, अर्थात् :--

सारणी

खाते का प्रकार	कौन खोल सकेगा	कितने खाते खोले जा सकेंगे	खाते की कौन चला सकेगा
1	2	3	4
क व्यक्तिगत खाते			
1 एकल खाता	(क) वह व्यक्ति जो वयस्क है और स्वस्थचित्त है (जिसे इसमें आगे वयस्क कहा गया है) ।	एक या अधिक खाते	वयस्क/निरक्षर, अन्धा या अन्यथा शारीरिक रूप से विकलांग वयस्क इस प्रयोजन के लिए उसके द्वारा नाम निर्देशित साक्षर अभिकर्ता के माध्यम से अपना खाता चला सकता है ।
	(ख) अवयस्क, जो दस वर्ष का हो गया है ।	एक या अधिक खाते	अवयस्क
	(ग) किसी अवयस्क की ओर से संरक्षक	प्रत्येक अवयस्क की ओर से एक या अधिक खाते ।	अवयस्क की अवयस्कता के दौरान उसका अभिभावक और उसके पश्चात् वह भूतपूर्व अवयस्क ।
	(घ) (1) किसी विकृत चित्त व्यक्ति का संरक्षक	प्रत्येक विकृत चित्त व्यक्ति की ओर से एक या अधिक खाते ।	अभिभावक
	(2) उस मानसिक चिकित्सालय का अधीक्षक, जिसमें विकृत चित्त व्यक्ति को रखा गया है ।	प्रत्येक विकृत चित्त व्यक्ति की ओर से एक या अधिक खाते ।	मानसिक चिकित्सालय का अधीक्षक ।
2. संयुक्त खाता			
(क) क--प्रकार, अर्थात् जो दोनों को संयुक्ततः या उत्तरवर्ती को संदेय है	दो वयस्क	एक या अधिक खाते	दोनों जमाकर्ता, संयुक्त रूप से या उत्तरजीवी ।
(ख) ख--प्रकार, अर्थात दोनों जमाकर्ताओं में से किसी एक को या उत्तरजीवी को संदेय	दो वयस्क	एक या अधिक खाते	जमाकर्ताओं में से कोई या उत्तरजीवी ।
3. सामूहिक खाते (1) भविष्य निधि खाता (2) अधिवार्षिक निधि खाता (3) उपदान निधि खाता	भविष्य निधि, अधिवार्षिकी निधि या उपदान निधि का नियंत्रण करने वाला प्राधिकारी, निधि के नाम में । टिप्पण :--निधि का नियंत्रण करने वाला प्राधिकारी तभी खाता खोलेगा जब केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित विनिधान की पद्धति ऐसी निधि को लागू होती है या ऐसी निधि द्वारा उसका अन्यथा अनुसरण किया जाता है ।	निधि की ओर से एक या अधिक खाते ।	निधि का नियंत्रण करने वाला प्राधिकारी

1	2	3	4
4. संचयिका खाता	संचयिका की निधियों का नियंत्रण करने वाला प्राधिकारी टिप्पण :—संचयिका निधि का नियंत्रण करने वाला प्राधिकारी केवल एक वर्षीय खाता या दो वर्षीय खाता खोल सकता है ।	एक या अधिक खाते	संचयिका का नियंत्रण करने वाले प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत एक या अधिक व्यक्ति
संस्थागत खाते			
5. पूर्त विन्यास खाता	भारत के लिए पूर्त विन्यास का कोषाध्यक्ष	प्रत्येक पूर्त विन्यास के लिए एक खाता	भारत के लिए पूर्त विन्यास का कोषाध्यक्ष या उसके द्वारा नियुक्ति अधिकर्ता ।
ब. विविध खाते			
6. अन्य खाते	(i) सहकारी सोसाइटी, सहकारी बैंक या अनुसूचित बैंक, अपने उन सदस्यों, ग्राहकों या कर्मचारियों की ओर से जिनके धन उसके द्वारा जमा या अन्यथा के रूप में रखे गए हैं ।	किसी सदस्य, ग्राहक या कर्मचारी की ओर से और उसके नाम में एक या अधिक खाते ।	इस प्रयोजन के लिए सहकारी सोसाइटी, सहकारी बैंक या अनुसूचित बैंक की ओर से प्राधिकृत एक या अधिक व्यक्ति ।
	(ii) राजपत्रित सरकारी अधिकारी, सरकारी कंपनी या निगम या स्थानीय प्राधिकरण का अधिकारी या किसी निगमित निकाय का, जैसे विपणन समिति को राज्य अधिनियम के अधीन स्थापित है और राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत है, अधिकारी अपनी पदीय हैसियत में, या भारतीय रिजर्व बैंक उन व्यक्तियों की ओर से जिनके धन ऐसे अधिकारी या भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा के रूप में या अन्यथा रखे गए हैं ।	उक्त व्यक्तियों में से किसी की ओर से एक या अधिक खाते, ऐसे व्यक्ति के नाम में ।	वह अधिकारी जिसने खाता खोला है या उसका पदोत्तरवर्ती ।

5. जमा और प्रतिसंदाय :—(1) किसी खाते में प्रत्येक जमा रकम पचास रुपयों के गुणकों में होगी । ऐसे खाते में जमा की जा सकने वाली रकम या रकमों के लिए कोई अधिकतम सीमा नहीं है ।

(2) प्रत्येक जमा रकम उस अवधि की समाप्ति के पश्चात् ही प्रतिसंदेय होगी जिसके लिए वह जमा की गई है अर्थात् यथास्थिति एक वर्ष, दो वर्ष, तीन वर्ष या पांच वर्ष ।

(3) यथा स्थिति उप-नियम (2) के अधीन जमा का प्रतिसंदाय या नियम 7 या नियम 8 या नियम 9 के अधीन ब्याज का संदाय, एक लिखित आवेदन-पत्र के साथ पास बुक प्रस्तुत करने पर उस डाकघर बचत बैंक द्वारा किया जाएगा, जहां खाता रखा गया है :

परन्तु यथास्थिति ऐसा प्रतिसंदाय या ब्याज का संदाय किसी विभागेतर उप बचत बैंक या शाखा बचत बैंक द्वारा तभी किया जाएगा जब सुसंगत मुख्य बचत बैंक या सुसंगत उप बचत बैंक की पूर्व मंजूरी ना ले ली गई हो ।

(4) किसी जमा के प्रतिसंदाय और जमा पर ब्याज के संदाय की रकम पास बुक में पोस्टमास्टर के हस्ताक्षर से प्रविष्ट की जाएगी ।

6(1). पुनः जमा :—यदि किसी खाते में जमा रकम प्रतिसंदाय के लिए शोध्य हो गई है तो जमाकर्ता रकम को यथास्थिति उसी खाते में या दूसरे खाते में, सम्यकतः उन्मोचित विहित प्रपत्र में मूल जमा के लिए ऐसे 2.

(2) उपनियम (3) के अधीन रहते हुए पुनः जमा की तारीख, मूल जमा के निकालने की तारीख होगी ।

(3)(क) यदि नीचे की सारणी के स्तंभ (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान रकम पुनः जमा की जाती है और ऐसी पुनः जमा उसके स्तंभ (2) की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए है तो मूल जमा के परिपक्वता की तारीख ही पुनः जमा की तारीख समझी जाएगी ।

सारणी

परिपक्वता की तारीख और पुनः जमा की तारीख के बीच बीत गई	पुनः जमा की अधिकतम अवधि
1. छह मास से कम	एक वर्ष
2. छह मास से अधिक और बारह मास तक	दो वर्ष
3. बारह मास से अधिक और अठारह मास तक	तीन वर्ष
4. अठारह मास से अधिक	पांच वर्ष

(ख) सारणी की मद 4 के अधीन आने वाले पुनः जमा के मामले में यदि मूल जमा के परिपक्व हो जाने के पश्चात् तीस मास बीत गए हैं तो पुनः जमा की तारीख वह तारीख समझी जाएगी जो मूल जमा के निकलने की तारीख से तीस मास पूर्व की तारीख है ।

7. ब्याज :—जमा पर नीचे सारणी में विनिर्दिष्ट दर पर ब्याज दिया जाएगा और ऐसा ब्याज जमा की अवधि के दौरान प्रत्येक वर्ष के अंत में जमाकर्ता को संदेय होगा :

परन्तु 23 जुलाई, 1974 के पूर्व किए गए जमा के मामले में ऐसी जमा के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर उस तारीख से पूर्व अधिसूचित की गई ब्याज की दरें 22 जुलाई, 1974 तक और उस तारीख को सम्मिलित करते हुए जमा की अवधि के लिए लागू होंगी और नीचे सारणी क में विनिर्दिष्ट ब्याज की दरें 23 जुलाई, 1974 से प्रारम्भ होने वाली जमा की किसी शेष अवधि के लिए लागू होंगी ।

सारणी क

1 मार्च, 1978 से पूर्व जमा रकमों के लिए

जमा की अवधि	प्रतिवर्ष ब्याज की दर
1 वर्ष	8 प्रतिशत
2 वर्ष	8-1/2 प्रतिशत
3 वर्ष	9 प्रतिशत
5 वर्ष	10 प्रतिशत

सारणी ख

1 मार्च, 1978 को या उसके पश्चात् किन्तु 1 अक्टूबर, 1979 के पूर्व जमा रकमों के लिए

जमा की अवधि	प्रतिवर्ष ब्याज की दर
1 वर्ष	7 प्रतिशत
2 वर्ष	7-1/2 प्रतिशत
3 वर्ष	8 प्रतिशत
5 वर्ष	10 प्रतिशत

सारणी ग

1 अक्टूबर, 1979 को उसके या पश्चात् किन्तु 2 मार्च, 1981 के पूर्व जमा रकमों के लिए

जमा की अवधि	प्रतिवर्ष ब्याज की दर
1 वर्ष	8 प्रतिशत
2 वर्ष	8-1/2 प्रतिशत
3 वर्ष	9 प्रतिशत
5 वर्ष	10-1/2 प्रतिशत

सारणी घ

2 मार्च, 1981 को या उसके पश्चात् जमा रकमों के लिए

जमा की अवधि	प्रतिवर्ष ब्याज की दर
1 वर्ष	8-1/2 प्रतिशत
2 वर्ष	9-1/2 प्रतिशत
3 वर्ष	10-1/2 प्रतिशत
5 वर्ष	10-1/2 प्रतिशत

टिप्पण :—1 अक्टूबर, 1979 को या उसके पश्चात् जमा रकमों के लिए ब्याज, यथास्थिति, सारणी ग या सारणी घ में विनिर्दिष्ट दरों पर संदेय होगा, जो अर्धवार्षिक अन्तराल पर संगणित की जाएंगी ।

8. परिपक्वता पूर्व निकालना :—किसी जमा रकम को परिपक्वता से पूर्व निकालने की अनुज्ञा निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए दी जा सके, अर्थात् :—

(क) कोई भी जमा रकम उसको जमा किए जाने की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति के पूर्व नहीं निकाली जाएगी ।

(ख) जहां दो वर्षीय, तीन वर्षीय पांच वर्षीय खाते में जमा रकम परिपक्वता से पूर्व निकाली जाती है वहां ऐसी जमा पर ब्याज जमाकर्ता को जमा की तारीख को प्रारम्भ होने वाली और निकालने की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के अन्तर्गत आने वाले पूरे किए गए वर्षों और मासों के लिए संदेय होगा और यह ब्याज ऐसी दर पर संगणित होगा जो नियम 7 के अधीन सम्बद्ध सारणी में यथास्थिति, एक वर्ष, दो वर्ष या 3 वर्ष के जमा के विनिर्दिष्ट दर से दो प्रतिशत कम होगी ।

व्याख्या :—जहां पांच वर्षीय खाते के मामले में पूरे किए गए वर्ष और मास तीन वर्ष से अधिक हो जाते हैं तो उस पर ब्याज उस दर पर संगणित किया जाएगा तो नियम 7 के अधीन सम्बद्ध सारणी में तीन वर्ष के जमा के लिए विनिर्दिष्ट दर से दो प्रतिशत कम होगा ।

(ग) नियम 7 के अधीन जमा पर पहले से संदत्त ब्याज, जमा के प्रति संदाय की रकम और इस नियम के अधीन संदेय ब्याज से वसूल कर लिया जाएगा ।

9. परिपक्वता पश्चात् ब्याज :—जहां नियम 7 के अधीन ब्याज का संदाय शोध्य हो गया है परन्तु उसका संदाय नहीं हुआ है तो जमा पर ब्याज परिपक्वता की तारीख से जमा के प्रतिसंदाय की तारीख तक अधिक से अधिक दो वर्ष के लिए निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए अनुज्ञात किया जाएगा, अर्थात् :—

(क) ब्याज साधारण होगा और एकल या संयुक्त प्रकार के बचत खातों को समय समय पर लागू दर पर संगणित किया जाएगा ।

(ख) ब्याज के संदाय के प्रयोजन के लिए उस अवधि के भाग को जो एक महीने से कम की है, हिसाब में नहीं लिया जाएगा ।

(ग) ब्याज जमाकर्ता को जमा के प्रतिसंदाय के समय एक मुश्त दिया जाएगा ।

10. खातों को गिरवी रखना : (1) नियम 7 के उपनियम (2) के अधीन रहते हुए, अन्तरणकर्ता और अन्तरिती द्वारा विहित प्ररूप में आवेदन करने पर उस डाक घर बचत बैंक का भार साधक अधिकारी, जहां अन्तरणकर्ता का खाता खुला है, खाते के चालू रहने के दौरान किसी भी समय, खाते को प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित को अन्तरण करने की अनुज्ञा दे सकता है :—

(क) भारत के राष्ट्रपति या किसी राज्य के राज्यपाल को उसकी पदीय हैसियत में;

(ख) भारतीय रिजर्व बैंक का या अनुसूचित बैंक या सहकारी बैंक सहित सहकारी सोसाइटी को;

(ग) निगम या सरकारी कंपनी को; या

(घ) स्थानीय प्राधिकरण को ।

(2) उपनियम (1) के अधीन अन्तरण संपूर्ण खाते की बाबत ही अनुज्ञात किया जाएगा न कि उसके भाग की बाबत ।

(3) किसी अवयस्क की ओर से खोले गए खाते का अन्तरण तभी अनुज्ञात किया जाएगा जब उसका संरक्षण यह प्रमाणित करता है कि अवयस्क जीवित है और यह अन्तरण उसके फायदे के लिए है ।

(4) जब उपनियम (1) के अधीन कोई खाता अन्तरित किया जाता है तो डाकघर बचत बैंक पास बुक की अंतिम प्रविष्टि के नीचे और पास बुक उस पृष्ठ पर जहां जमाकर्ता का नाम और पता लिखा हुआ है, लिखित पृष्ठांकन करेगा, अर्थात् :—

"————को प्रतिभूति के रूप में अन्तरित "।

(5) सुसंगत नियम में यथा अन्यथा उपबंधित को छोड़कर, इस नियम के अधीन किसी खाते के अन्तरिती को, जब तक कि खाता उप-नियम (6) के अधीन पुनः अन्तरित नहीं कर दिया जाता, खाते का धारक समझा जाएगा ।

(6) उपनियम (1) के अधीन अन्तरित कोई खाता, गिरवीदार के लिखित प्राधिकार पर, प्राधिकृत डाकपाल की पूर्व मंजूरी से पुनः अन्तरित किया जा सकता है और जब ऐसा पुनः अन्तरण हो जाता है तो डाकघर बचत बैंक, उपनियम (4) में उपदर्शित स्थानों पर पास बुक में निम्न-लिखित पृष्ठांकन करेगा, अर्थात् :—

"————————को पुनः अन्तरित" ।

(7) पास बुक, यथास्थिति, जमाकर्ता या अन्तरिती द्वारा, उपनियम (4) या (5) के अधीन पृष्ठांकन करने के प्रयोजन के लिए डाकघर बचत बैंक को प्रस्तुत की जाएगी ।

टिप्पण 1:—भारत के राष्ट्रपति या राज्य के राज्यपाल की ओर से उपनियम (1) के अधीन प्रतिभूति के रूप में किसी खाते को स्वीकार करने वाला या उपनियम (6) के अधीन प्रतिभूति को निर्मुक्त करने वाला सरकार का राजपत्रित अधिकारी, उसे इस निमित्त प्राधिकृत करने वाली सरकारी अधिसूचना की संख्या और तारीख की विशिष्टियां देकर यह प्रमाणित करेगा कि वह संविधान के अनुच्छेद 299 के अधीन भारत के राष्ट्रपति या राज्यपाल की ओर से ऐसा लिखित और विलेख निष्पादित करने के लिए सक्षम है ।

टिप्पण 2:— सम्बन्धित संस्था की ओर से उपनियम (1) के अधीन किसी खाते को प्रतिभूति के रूप में स्वीकार करने वाला या उपनियम (6) के अधीन प्रतिभूति को निर्मुक्त करने वाला यथास्थिति, भारतीय रिजर्व बैंक या अनुसूचित बैंक या सहकारी सोसाइटी का, जिसके अन्तर्गत सह-कारी बैंक, निगम या सरकारी कंपनी या स्थानीय प्राधिकरण का अधिकारी है तारीख सहित अपने हस्ताक्षर और कार्यालय की मुद्रा के अधीन यह प्रमाणित करेगा कि वह उक्त संस्था के अनुच्छेदों के अधीन ऐसी लिखित या विलेख निष्पादित करने के लिए सम्यकतः प्राधिकृत है ।

11. जमा कर्ता की मृत्यु पर प्रक्रिया—(1) उपनियम (2) और (3) के अधीन रहते हुए एकल खाते में किसी जमाकर्ता की मृत्यु हो जाने पर या संयुक्त खाते में उत्तरजीवी जमाकर्ता की मृत्यु हो जाने पर डाकघर बचत बैंक साधारण नियम, 1981 के नियम 13 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया लागू होगी ।

